
# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–205 । सागर, बुधवार, 13 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



# संकल्प की ओर उन्मुख होना ही मन का विकास है: डॉ. अतुल कोठारी



सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्त्वाधान में भारतीय ज्ञान परंपरा वैदिक गणित और चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर अभिमंच सभागार में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में डॉ. अतुल कोठारी अपने उद्बोधन मे कहा कि पंचकोश में मनोमय कोश का वर्णन है। जिसका चरित्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बताया कि किस तरह से विद्यार्थी मनोमय कोश को समृद्ध करके स्वयं को लाभान्वित कर सकते हैं। मन और संकल्प की चर्चा करते हुए बताया कि मन को संकल्प के द्वारा बांधा जा सकता है और संकल्प की ओर जाना ही मन का विकास है। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो.चंदा बैन ने की एवं आभार डॉ. नौनिहाल गौतम, सत्र संचालन डॉ. किरण आर्या द्वारा किया गया।

द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. भरत व्यास, सहायक निदेशक लोक शिक्षण संचनालय ने कहा कि विज्ञानमय कोश बुद्धि क्षेत्र में आता है इसके माध्यम से सज्जनता और उदारता का विकास होता है जिससे देवत्व उत्पन्न होता है। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. जीएल पुणतांबेकर ने की। संचालन डॉ. शशिकुमार सिंह एवं आभार ज्ञापन डॉ. नौनिहाल गौतम ने किया। कार्यशाला में वैदिक गणित से संबंधित द्वितीय दिवस के प्रथम समानांतर सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. राकेश भाटिया, सह.समन्वयक, वैदिक गणित, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली ने बौधायन संख्याएं त्रिकोणमिति में अनुप्रयोग विषय पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने स्थापत्व उपवेद जो कि अथर्व वेद का एक हिस्सा है की चर्चा करते हुए बताया कि वह अभियांत्रिकी, वास्तुशिल्प एवं सामान्य गणितज्ञों के लिए ज्ञान का एक प्राथमिक स्रोत है, साथ ही बौधायन संख्याओं की धारणा को त्रिक के रूप में दर्शाया जा सकता है और इसके प्रयोग से निष्कर्ष को सरलता पूर्वक प्राप्त किया जा सकता है।

अध्यक्षता प्रो. श्रीराम चौथाईवाले द्वारा किया गया, संचालन शिवानी खरे एवं आभार ज्ञापन शोध छात्रा सलोनी शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## 12 से 27 सितंबर तक निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा पहले दिन 4 वार्डों में पहुंची



सागर, देशबन्धु। महापौर संगीता तिवारी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार मेरी माटी. मेरा देश अभियान के तहत नगर के समस्त वार्डों में क्रमानुसार 12 से 27 सितंबर तक अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है जिसका शुभारंभ डॉ. हरीसिंह गौर वार्ड स्थित सिंधी धर्मशाला से पार्षद शिवशंकर यादव और इन्दिरा नगर वार्ड पार्षद रीतेश तिवारी के नेतृत्व में घर-घर जाकर मिट्टी और चावल एकत्रित किए गए। तत्पश्चात यह अमृत कलश यात्रा सिविल लाइन वार्ड और मधुकरशाह वार्ड पहुंची जहां पर सिविल लाइन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि वसीम खान एवं मधुकरशाह वार्ड पार्षद रिचा सिंह के नेतृत्व में वार्ड के नागरिकों और नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा घर-घर से मिट्टी और चावल एकत्रित कर नागरिकों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। यात्रा में नोडल अधिकारी विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी बृजेश तिवारी संबंधित वार्ड के उपयंत्री बबलैश साहू सहित वार्डों के कर संग्राहक और वार्ड दरोगा उपस्थिति थे।

## सार-समाचार

### नंदोत्सव: नंद के घर आनंद भयो... कृष्ण भक्ति में झूम के नाचे श्रद्धालु



सागर, देशबन्धु। जन्माष्टमी की उमंग उत्साह उत्सव के बाद शहर के श्रीकृष्ण मंदिरों में पांच दिवसीय नंदोत्सव आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में राजघाट रोड, स्थित सनराईस रेसीडेंसी में कॉलोनी वासियों ने भगवान कृष्ण के आगमन की सामूहिक खुशियां मनाईं। कृष्ण जन्मोत्सव बधाइयों के गान पर बच्चे बूढ़े, स्त्री पुरुष श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबकर झूमे। कृष्णगंज की यादव मंडली ने पुष्प वर्षा के बीच संगीतमय संध्या को देर रात तक चलाया।

### ग्राम हड़कलखाती में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून पर प्रतिबंध रहेगा

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर दीपक आर्य ने 14 सितंबर को जिले के बीना के ग्राम हड़कलखाती बीपीसीएल बीना रिफायनरी सिक्यूरिटी कैम्पस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून एवं अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर प्रतिबंध लगाया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा कानून व्यवस्था एवं विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा को देखते हुए यह आदेश दिया गया है। उक्त आदेश 13 और 14 सितंबर को प्रभावशील किया गया है। धारा 144 के अंतर्गत इस क्षेत्र को रेड जोन नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

### दिमाग में समझदारी का अग्नि शमन यंत्र और शांति का जल रखो, तभी क्रोध रूपी अग्नि पर नियंत्रण कर सकते हो: मुनिश्री



मकरोनिया, देशबन्धु। दूसरों को नहीं, भगवान को देखो। चेतन, अचेतन पदार्थ में दृष्टिपात मत करो, आज व्यक्ति के भीतर राग द्वेष रूपी बारूद भरा पड़ा है, पता नहीं कब विस्फोट हो जाए। एक दूसरे को देखना नहीं चाहता, आंखें लाल पीली करता है, क्रोध में भुन भुनाता है। अपने पास हर समय समझदारी का अग्नि शमन यंत्र तैयार रखो और शांति का जल दिमाग में रखो, तभी क्रोध रूपी अग्नि पर आप नियंत्रण कर सकते हो यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि परिणाम की शुद्धि शुद्ध आहार से होती है। जैसा खाओगे अन्न वैसा होगा मन, यह कहावत महत्वपूर्ण है। मन शुद्धि वचन शुद्धि काय शुद्धि आहार जल शुद्ध है बोलते हैं परंतु शुद्धि कितनी रखते हैं जितनी शुद्धि रखोगे उतनी आपकी वह संतों के परिणाम शुद्ध रहेंगे। पर्याय तो बचना नहीं है, परिणाम बचा लो। बीजेएस जिला अध्यक्ष मनोज जैन लालो ने बताया बीजीएस जैन समाज के द्वारा चलाए जा रहे जल क्रांति कार्यक्रम जो जल संसाधन विभाग केंद्र के सहयोग से चलाया जा रहा है के संदर्भ में हेड ऑफिस पुणे से टीम सागर पधार रही है, जो सागर में चातुर्मास कर रहे सभी साधु संघ से आशीर्वाद लेकर जानकारी समाज को प्रदान करेंगे।

### विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनने फोरम आयेगी सागर

सागर, देशबन्धु। नगर संभाग सागर के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण हेतु विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम जबलपुर से अध्यक्ष अपने सदस्यों सहित नगर संभाग बस स्टेण्ड के पास पावर हाउस के प्रांगण में उपस्थित रहकर 15 सितम्बर को दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक शिकायत संबंधी प्रकरणों की सुनवाई करेंगें। विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल में आ रही अनियमितताएं, मीटर संबंधी अनियमितताएं, विद्युत सप्लाई से संबंधित एवं अन्य शिकायतों के निराकरण हेतु उपभोक्ता, शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। नगर संभाग सागर के कार्यपालन अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम, सहायक अभियंता श्रीकृष्ण माहौर, शैलेश सुमन, कुन्दन कुमार, मुकेश कुमार मण्डलोई ने सभी उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित रहकर अपनी शिकायतों के निराकरण हेतु अपील की है।

## समाज के वरिष्ठ जनों का अभिनंदन समारोह संपन्न



सागर, देशबन्धु। किसी भी देश का समाज के उत्थान में उनके वरिष्ठ जनों का योगदान अभूतपूर्व होता हैं। वर्तमान में समाज का परिदृश्य क्या है, यह उनके नेतृत्व पर निर्भर करता है। आज बुंदेलखंडी स्वर्णकार सक्रिय स्वर्णकार समाज सागर की एकरूपता पूरे मप्र में जानकार हैं। इसी परिपेक्ष में नवयुवक मंडल द्वारा श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर कोतवाली रोड सागर में समाज की वरिष्ठ जनों का अभिनंदन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में झंडा लगाकर श्री देवनारायण लक्ष्मी नारायण भगवान को सम्मान स्वरूप सामग्री भेंट कर आरंभ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक केशव सोनी खामपुया वाले एवं सुनीता बडोनिया ने अपने स्वागत भाषण में बुजुर्ग है तो रिश्ते हैं नाम हैं पहचान हैं अगर बुजुर्ग नहीं तो बच्चों की कहानी बेजान है। यथार्थ को बताते हुई कार्यक्रम में आए समस्त साथियों के साथ प्रशस्त पत्र शाल श्रीफल से स्वागत किया। इस अभिनंदन समारोह में समाज के लगभग 150 वरिष्ठ जनों का अति भावुकता के साथ सम्मान पाते समय अत्यंत भावुक होकर अपने समाज के योगदान मे अपनी भूमिका का बखान करते हुए नवयुवक मंडल के इस प्रयास की सहाराना की एवं समाज की कुरीतियों, एकता, शिक्षा, नारी शिक्षा एवं विकास पर अपनी व्याख्यान देते रहे। बबलू जबलपुर एंथनी सुचपुरा वाले, अमित इंदौरी, नीरज पिथोरिया, गोलू जिजौतिया, दीपक जोहरी, बल्लू सिलवानी, संयोजक केशव सोनी एवं समस्त नवयुवक युवा मंडल के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## पुत्री की हत्या करने वाले पिता को आजीवन कारावास की सजा

बण्डा, देशबन्धु। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरपी मिश्र के द्वारा प्रकरण क्रमांक 71/21 थाना बहरोल के अपराध क्रमांक 131/21 धारा 302 भारतीय दंड विधान एवं धारा 30 आयोग अधिनियम में आरोपी अशोक सिंह पिता उदयभान सिंह उम्र 71 वर्ष निवासी झारई को उसकी स्वयं की पुत्री मृतिका कुमारी अंकिता अंकों की हत्या का आरोप 5 जुलाई 2021 को सुबह 8.30 अपनी पुत्री को शादी न करने पर से लाइसेंसी बंदूक 12 बोर से गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी कृपाल मार्को के द्वारा घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया मौका नक्शा बयान शस्त्र जप्त किए खाली कारतूस जप्त कर धारा 302 का अपराध दर्ज कर न्यायालय बंडा में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जिसमें आरोपी की पत्नी पुष्प लता अपने बयानों से मुकर गई। लेकिन न्यायालय द्वारा मेडिकल रिपोर्ट एफ एसएल रिपोर्ट जपती पत्रक एवं मृतिका के द्वारा गोली से बचने के लिए थाली लगाई गई थी उसमें गोली के छेद आदि साक्ष्य के आधार पर सामाजिक जीवन में पिता के द्वारा की गयी सगी पुत्री की हत्या करना गंभीर अपराध मानकर आरोपी को सश्रम कारावास एवं 2000 के अर्थ दंड से दंडित किया शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक पं. जयनारायण तिवारी एडवोकेट ने की। इस पूरे मामले में अपर एवं जिला सत्र न्यायालय द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए मात्र दो वर्ष में ही प्रकरण का निराकरण किया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ छात्राओं को कृमि नाशक गोली खिलाकर किया



सागर, देशबन्धु। सीएम राइज एमएलबी स्कूल क्रं. 1 में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस धाकड़ एवं वाइस प्रिसिंपल डॉ. वंदना खरे द्वारा छात्राओं को कृमि नाशक गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. रोहित पंत शहरी नोडल अधिकारी, संतोष पटेल, आरके जड़िया, रत्ना चौकसे, माजिद, सुनील, शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित थी। सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी ने कहा कि राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कृमि से मुक्ति दिलाना हैं। कृमि के लक्षण कृमि मनुष्य की आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्वों को खाते हैं, गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं जैसे- दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना, हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं, बच्चें में कृमि की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होगें।

## मप्र के विकास को रेखांकित कर रहे है विकास रथ

सागर, देशबन्धु। मप्र सरकार की योजनाओं एवं विकास और गरीब कल्याण महा अभियान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्धेश्य से जिले को प्राप्त विकास रथ ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे है। कलेक्टर दीपक आर्य ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने-अपने जनपद पंचायत के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। विकास रथ की मॉनिटरिंग के लिए पृथक से अधिकारी नियुक्त किए गए है, जो शासन की मंशा के अनुसार निर्देशो का निर्वहन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आयशर केंटर वाहन पर बडी एलईडी वाल भी लगाई गई है, जिसके माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर योजनाओ की उपलब्धियों से संबंधित आडियो विजुअल सामग्री व लघु डाक्यूमेट्री फिल्मो का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर में राज्य शासन की उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रचार रथ रेखांकित कर रहे है। जिले में चालीस दिनों तक विकास रथ भ्रमण करेंगे। प्रति दो विधानसभा क्षेत्र में एक प्रचार रथ शहरी के अलावा ग्रामीण क्षेंत्रो में भी प्रचार प्रसार करेगा।

## प्रधानमंत्री पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के साथ विभिन्न औद्योगिक परिसरों का भी शिलान्यास करेंगे



सागर, देशबन्धु। जिले के बीना स्थित बीपीसीएल रिफाइनरी के विस्तारीकरण एवं पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के निर्माण के भूमिपूजन के लिए 14 सितंबर को बीना आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मप्र के विभिन्न औद्योगिक परिसरों का शिलान्यास भी करेंगे। बीना रिफाइनरी परिसर में होने वाली जनसभा के कार्यक्रम स्थल पर श्री मोदी नर्मदापुरम के उर्जा एवं नवकरणीय उर्जा उत्पादन प्रक्षेत्र, आईटी पार्क 3 और 4 इन्दौर, मेगा इंडस्ट्रियल पार्क रतलाम, 6 इंडस्ट्रियल पार्क क्रमशः नर्मदापुरम, गुना, शाजापुर, मऊगंज, आगर मालवा और मक्सी की शिलान्यास पट्टिका का रिमोट द्वारा अनावरण करेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित मंत्रीगण गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, जिले के प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, विधायकगण शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया एवं महेश राय भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कन्हैयालाल मित्तल और उनके साथी चंडीगढ़ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि बीना रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ की लागत से पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के बन जाने से 15 हजार को प्रत्यक्ष तथा 2 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। अभी बीपीसीएल बीना 7.8 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष एमएमटीपीए क्षमता की रिफाइनरी संचालित करता है। जो उत्तरी और मध्य भारत की बढ़ती ईधन की मांगों को पूरा करने के लिए सक्षम है। देश की बेहतरीन रिफाइनरियों में से एक होने का गौरव प्राप्त बीपीसीएल बीना गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपेक्षाओं पर अब तक खरा उतरा है। अब 50 हजार करोड़ की लागत से जो पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स बनेगा, वह 5 साल की अवधि में बनकर तैयार होगा। इसके पूर्ण होने से बीपीसीएल बीना की क्षमता 7.8 मिलियन मीट्रिक टन एमएमटीपीए प्रतिवर्ष से बढ़कर 11 एमएमटीपीए हो जायेगी। बीना रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स की नवीन इकाई में उत्कृष्ट तकनीक वाले 1.2 एमएमटीपी, क्षमता के एथलीन क्रैकर काम्पलेक्स की स्थापना भी होगी। साथ ही डाउन स्ट्रीम पेट्रोकेमिकल संयंत्र भी स्थापित होगा।

## चार मण्डलों में आयोजित किए गए शक्ति केन्द्र सम्मेलन



सागर, देशबन्धु। नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मकरोनिया ग्रामीण मण्डल सहित चार मण्डलों में शक्ति केन्द्रों पर सम्मेलन आयोजित किए गए। मकरोनिया ग्रामीण मण्डल का पामाखेड़ी, सागर ग्रामीण मण्डल का बेरखेड़ी सदर मण्डल में देवी मंदिर पुरानी सदर स्कूल, मकरोनिया नगर मण्डल का उत्तरादेवी भवन में सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विधायक प्रदीप लारिया भी सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक लारिया ने कहा कि बूथ ही हमे चुनाव जीताता है। बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता होना जरूरी है। भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है और चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने में कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक में मण्डल अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारियों सहित शक्ति केन्द्रों और बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहकारिता कर्मचारियों की मांगे शासन को स्वीकार



सागर, देशबन्धु। पैक्स कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे लगातार 28 दिन से सहकारिता कर्मचारियों का आंदोलन मप्र शासन द्वारा लिखित आदेश उपरांत स्थगित किया गया लिखित जानकारी के अनुसार मप्र शासन ने सहकारिता कर्मचारियों की मांगों को स्वीकार करते हुए 15 सितंबर को भोपाल में लाल परेड ग्राउंड में दोपहर 2 बजे सहकारिता सम्मेलन महापंचायत के लिए बुलाया गया है जिसमें उनकी मांगों को स्वीकार करते हुए निराकरण किया गया है कर्मचारियों द्वारा बार-बार कहा जा रहा था कि जब हम शासकीय कार्यों का क्रियान्वयन करते हैं तो हमें शासकीय कर्मचारियों की भर्ती वेतन एवं भत्ता मिलना चाहिए शासन ने कर्मचारियों की बात को स्वीकार करते हुए मांगे पूर्ण रूप से मंजूर कर ली है और भोपाल में आमंत्रित किया है सहकारी कर्मचारियों की ओर से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया का आभार व्यक्त किया एवं पिछले एक महीने से किसानों को एवं उपभोक्ताओं को भी परेशानी के लिए खेत व्यक्त किया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मकरोनिया अब होगा 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल

सागर, देशबन्धु। मकरोनिया में संचालित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नयन होगा। विधायक प्रदीप लारिया इसके लिए निरंतर प्रयासरत थे। जिसे अनुसूचित जाति उपयोजना क्षेत्र अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। 750 लाख रूपये की राशि से अस्पताल भवन निर्माण किया जाएगा और 8.14 लाख रूपये की राशि से अस्पताल में फर्नीचर लगाया जाएगा। इसके लिए विधायक लारिया लगातार मांग उठाते रहे है। उन्होंने विधानसभा सत्र के चलते ध्यान आकर्षण भी लगाया और समय-समय पर विभागीय मंत्री से भी चर्चा की। फिलहाल 30 बिस्तरीय यह अस्पताल शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में संचालित हो रहा है। जिसका लाभ मकरोनिया सहित आसपास के लगे दर्जनों गांव के लोगों को मिलता है। 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल हो जाने के बाद यहां आने वाले मरीजों को इलाज और भर्ती के मामले में काफी सुविधा होगी।

### विश्व बंधुत्व दिवस पर विवेकानंद केंद्र का आयोजन

## स्वामी जी ने सदैव एक समृद्ध, समर्थ और बलशील राष्ट्र की परिकल्पना की थी: अरुण कुमार सिंह




सागर, देशबन्धु। स्वामी विवेकानंद ने नर सेवा को ही नारायण सेवा का मार्ग बताया है। हमारे भीतर सेवा भाव आते ही अहंकार स्वंयमेव तिरोहित हो जाता। इंद्रियों के संयम, मन की एकाग्रता और सेवा के माध्यम से परमात्मा को पाया जा सकता है। स्वामी जी ने सदैव एक समृद्ध, समर्थ और बलशील राष्ट्र की परिकल्पना की थी। यह उद्गार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह ने व्यक्त किए। वे विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की शाखा द्वारा रवींद्र भवन में आयोजित विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार प्रकट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी जी की चेतना और दर्शन युगों-युगों तक भारतीयता के प्राणों को ऊर्जा देते रहेंगे। स्वामी जी गीता को सनातन की सबसे अनमोल धरोहर मानते थे। मुख्य वक्ता जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय ने अनेक दृष्टांतों, प्रसंगों को आधार बनाकर स्वामी जी के व्यक्तिव व कृतित्व के अनछुए पहलुओं को उद्घाटित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी की वाणी में व्यक्ति के मन को, शरीर को, आत्मा को कंपित करने की शक्ति थी। उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस इतने दिव्य और अलौकिक थे जिन्होंने विश्व के सभी धर्मों को पृथक-पृथक माध्यम बना ईश्वर प्राप्ति की। हमारा शरीर संसार के नश्वर भोगों के लिए नहीं वरन तपस्या के लिए बना है। स्वामी जी का शिकागो व्याख्यान विश्व बंधुत्व की भावना से ओतप्रोत था। स्वागत उद्बोधन और अतिथि परिचय केंद्र के विभाग संपर्क प्रमुख नीलरतन पात्रा ने दिया। अध्यक्षता करते हुए शास. महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. जीएल दुबे ने कहा कि वर्तमान परिवेश में स्वामी जी के विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। वो सच्चे अर्थों में विश्व बंधुत्व और समरसता के प्रतीक थे। कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित जादूगर लोकनाथ मिश्रा के नारियल के हनुमान जी बनाने और इण्डिया वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड दर्ज होने पर अतिथियों और समाजसेवियों ने सम्मानित किया, समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नील रतन पात्रो का प्रो. संतोष शुक्ल और सुषमा शुक्ला ने सम्मान किया। संचालन इंक मीडिया के निदेशक डॉ. आशीष द्विवेदी ने किया व आभार केंद्र के डॉ. प्रदीप शुक्ला ने माना।

## सार समाचार

### शौर्य यात्रा से किया जनजागरण



**नौगांव, देशबन्धु।** हरपालपुर से शुरू हुई बजरंग दल की शौर्य यात्रा ने नौगांव नगर में किया प्रवेश नगर के मध्य चौराहों से शौर्य यात्रा निकाली गयी यात्रा के साथ सुरक्षा की दृष्टि से नगर निरीक्षक सतीश सिंह पुलिस बल के साथ रहे शौर्य यात्रा नौगांव से ईशानगर होते हुए छतरपुर पहुचेगी यात्रा का उद्देश्य जन जागरण है बुधवार को यह यात्रा बड़ा मलहरा, घुवारा, बकस्वाहा जाएगी यात्रा में डीजे सहित वाहनों की बड़ी कतार रही सेकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल सवार बजरंग दल के कार्यकर्ता चल रहे थे जो बड़े जोश पूर्वक जय श्रीराम जय बजरंग बली के नारे गुजाय मान हो रहे थे गल्ला मंडी के ईशानगर चौराहे पर यात्रा का अल्प बिश्राम हुआ इसके बाद ईशानगर के लिए यात्रा रवाना हो गयी।

### कल्याण संयोजन का भ्रमण कार्यक्रम कल

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर तहसील के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को सूचित किया जाता है, कि भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं की समस्याओं की निराकरण के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर से कल्याण संयोजक 14 सितम्बर को 12 से 2 बजे तक सर्किट हाउस पर उपलब्ध रहेंगे। सभी भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं व आश्रितों से आग्रह है कि कल्याण संयोजक के प्रवास के दौरान दी जाने सभी जानकारी व कल्याणकारी योजनाओं एवं पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क करें। उक्त जानकारी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने दी।

### 4 वर्ष की थी गला घोंट कर पति की हत्या

# पत्नी और उसके प्रेमी को आजीवन कैद

**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने के मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बिजावर न्यायालय ने आरोपी पत्नि विनीता साहू व प्रेमी संदीप राय को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

मीडिया सेल प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रमोद बाल्मीक, वार्ड वॉय सीएचसी बड़ामलहरा ने अस्पताल से तहरीर लाकर पेश की कि 27 जून 2019 को सुबह 06: बजे कुछ व्यक्तियों द्वारा राजेश पिता मुन्ना लाल साहू उम्र 25 साल निवासी शंकर मोहल्ला बड़ा मलहरा को सीएचसी बड़ामलहरा लाया गया, परीक्षण करने पर व्यक्ति मृत पाया गया। रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया मर्ग की जांच पर पाया गया कि विनीता साहू पत्नि राजेश साहू के संदीप राय से करीब तीन चार वर्ष से अवैध संबंध थे इन दोनों के अवैध संबंधों की जानकारी मृतक राजेश साहू को होने व इन दोनो के बीच हस्तक्षेप करने पर मृतक की पत्नि विनिता साहू व इसके प्रेमी संदीप राय ने राजेश साहू को रास्ते से हटाने की योजना बनाई एवं संदीप राय ने अपने साथी रामकिशन सेन, भागचंद्र अहिरवार, मोन्टू उर्फ सतपाल सैनी के साथ मिलकर योजना बद्ध तरीके से 27 जून .2019 की रात 01 बजे करीब संदीप राय ने विनिता साहू से उसके घर के फाटक खुलवा कर चारों ने घर में प्रवेश किया एवं राजेश साहू की खटिया पर सोते समय पत्नि विनीता साहू के साथ मिलकर गला घौटकर हत्या कर दी व चारों भाग गये। आरोपीगण के विरूद्ध थाना बडामलहरा में धारा 302, 34 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया, संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रकरण को चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी मे रखा गया।

अभियोजन की ओर से एडीपीओ/विशेष लोक अभियोजक अजय प्रताप सिंह बुन्देला ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गवाह कोर्ट में पेश किये, विचारण उपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बिजावर रूपेश गुप्ता के न्यायालय ने आरोपी पत्नि विनीता साहू को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 5000 रूपये का अर्थदण्ड व प्रेमी संदीप राय को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 5000 रूपये का अर्थदण्ड तथा धारा 460 भादवि में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## छात्र छात्राओं ने भ्रमण कर लैब और भंडारण की ली जानकारी



**हरपालपुर, देशबन्धु।** भारतीय खाद्य निगम हरपालपुर के कार्यालय में मंगलवार को स्कूल के बच्चों का भ्रमण कराया गया। एक निजी स्कूल हरपालपुर के छात्र-छात्राओं को निगम की भूमिका एवं कार्यों से अवगत कराया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में भारतीय खाद्य निगम के प्रबंधक सुजन ढाली एवं महेंद्र मीना (तकनीकी सहायक) के द्वारा निगम की संरचना एवं कार्य प्रणाली के बारे में वृष्ठित जानकारी डिपो में उपस्थित विद्यार्थियों को दी स्टूडेंट ने भी भंडारण एवं वेयरहाउस से जुड़ी जानकारी के बारे में समझा और पूछा इसी दौरान प्रबंधक महोदय द्वारा विद्यार्थियों को नमी मापन सैंपल एवं संरक्षण लैब से भी अवगत कराया गया। इस दौरान बच्चे भी लैब में प्रयोग देखकर काफी उत्साहित दिखे प्रबंधक सुजन डाली ने इस दौरान बताया की भारतीय खाद्य निगम भारत सरकार के उपभोक्ता खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यरत नूडल एजेंसी है।

जो अपने खाद्य भंडारण डिपो के माध्यम से अधिशेष क्षेत्र से अभाव वाले क्षेत्र में स्टाक पहुंचकर पूरे देश में खाद्यान्न की आपूर्ति को पूरा करती है भारतीय खाद्य का मूलत: राष्ट्र के लिए खाद्यान्न के उपार्जन भंडारण संचालन एवं वितरण का कार्य भी करती है श्री प्रबंधक ने विद्यार्थियों को बताया कि खाद्यान्न का लगभग 3 वर्ष का बंपर स्टॉक बनाए रखकर किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए हमेशा तत्पर रहा जाता है उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से भारत सरकार द्वारा राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, अंत्योदय योजना की सफल क्रियान्वयन में भारतीय खाद्य निगम की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है कॉविड-19 महामारी के दौरान एफसीआई ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पीडीएस द्वारा प्रवासी मजदूरों को उचित गुणवत्ता के खाद्यान्न की आपूर्ति में उचित भूमिका निभाई है कार्यक्रम स्कूल स्टाफ के अलावा समस्त कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे

# कलेक्टर ने अतिथि शिक्षक भर्ती में जांच के दिए निर्देश



### ◆ एसडीएम को पट्टे के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष छतरपुर में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, एडीएम नम: शिवाय अरजरिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने एडीएम को जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा जो अधिकारी जनसुनवाई को गंभीरता से नहीं ले रहे उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 85 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने प्राप्त आवेदनों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए तत्काल प्रेषित किए। साथ ही तुरंत निराकृत होने वाले आवेदनों का तत्काल समाधान करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित मामलों पर तत्काल एसडीएम एवं तहसीलदार को मौका स्थल का मुआयना कर आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बिजली से संबंधित शिकायतों के निराकरण में ईई एमपीईबी को मौके पर जाने के लिए निर्देशित किया गया।

वहीं अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में गड़बड़ी के संबंध में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ को उक्त भर्ती की जांच कराने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने छतरपुर शहर के बकायन मार्ग वार्ड नं 39 से वार्डवासियों द्वारा सीसी रोड न होने की शिकायत पर सीएमओ को तत्काल मौका स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम आवास के संबंध में आवेदनों का उक्त दिवस ही निराकरण कर पीओडूडा से रिपोर्ट मांगी। इस दौरान दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना गया और उनके पट्टे संबंधी आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए।

## जन आशीर्वाद यात्रा को सफल बनाने मंत्रणा हुई



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर भारतीय जनता पार्टी पुलिस संगठन द्वारा प्रदेश की सभी विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली जा रहे हैं इस कार्यक्रम में 18 सितंबर को छतरपुर जिले में चंदा विधानसभा से जन आशीर्वाद यात्रा जिले में प्रवेश करेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छतरपुर विधानसभा की प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि छतरपुर विधानसभा में जैसे ही यात्रा प्रवेश करें तो हम सभी लोग आतिशबाजी एवं फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करेंगे निवारी हमा फोर लाइन आरटीओ ऑफिस एवं बस स्टैंड पर विशाल जनसभा आयोजित की जायेगी।

जिला अध्यक्ष मलखान सिंह में कहां की जन आशीर्वाद यात्रा में हम सभी को एक जुटता के साथ जगह जगह भव्य स्वागत करना है।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं छतरपुर विधानसभा की प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव जी जिला अध्यक्ष श्री मलखान सिंह जी वरिष्ठ नेता श्री जय राम चतुर्वेदी जी श्री कैलाश रावत जी जिला महामंत्री श्री सुरेन्द्र चौरसिया जी यात्रा के जिला संयोजक श्री अशोक दुबे जी श्री राजेन्द्र सिंह मोनू यादव जी नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री मिंटू पंडा जी श्री रमेश वर्मा जी जिला मंत्री श्री भागीरथ पटेल जी मीडिया प्रभारी श्री अरविन्द बुंदेला कार्यालय मंत्री श्री अरविंद त्रिपाठी जी श्री अरविन्द रावत छतरपुर विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी श्री लालचंद लालवानी जी मण्डल अध्यक्ष श्री रविन्द्र मिश्रा, श्री रामसेवक पटेल श्री मुकेश घोसी खेल प्रकोष्ठ के संयोजक श्री दीपेन्द्र सिंह बुन्देला शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक श्री मनीष तिवारी विधान सभा के मीडिया संयोजक श्री दीपक दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन ग्रामीण मंडल के महामंत्री सुरेन्द्र तोमर ने किया।

बैठक के उपरांत पूर्व सीएमओ श्री नासिर अली (पूर्व सांसद स्व जीतेन्द्र सिंह जी के करीबी) ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

### पीओपी की मूर्तियां पाए जाने पर निर्माण स्थल सील



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों ने पीओपी की बनाई जा रही मूर्तियों पर छापामार कार्यवाही की। पीओपी की मूर्ति निर्माण करने पर स्थलों को सील कर मूर्तियों को जब्त किया गया। राजस्व एवं नगरपालिका छतरपुर की संयुक्त टीम ने मंगलवार को सागर एवं महोबा रोड के विभिन्न स्थानों पर निर्मित की जा रहीं मूर्तियों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें पीओपी की मूर्तियां पाई गई। साथ ही नौगांव में निर्मित मूर्तियों में मिट्टी का प्रयोग पाया गया।

## अलग-अलग शहरों से नाबालिग लड़कियों को तलाश कर उनके परिजनों को सौपा

**छतरपुर, देशबन्धु।** थाना नौगांव पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत 4 नाबालिक बालिकाओं को टॉस कर उनके परिजनों को सौपने में मिली सफलता

मिली जानकारी के अनुसार थाना नौगांव द्वारा रिपोर्ट की कि उसकी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर लिवा कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि में व्यपहर्ता की तलाश पतारसी की गई जिसे दिनांक 8 सित. 23 को नोयडा दिल्ली सेबरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। वही 20 जन .23 को निवासी मऊसहानिया द्वारा रिपोर्ट कराई कि उसकी बच्ची को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर लिवा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पर 363 भादवि का पंजीबद्ध कर तलाश की गई। व्यपहर्ता को 10 सित .2023 को पलबल हरियाणा से दस्तायब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। इसी तरह पुलिस ने नयागांव की नाबालिग को दिल्ली से और गरौंली की नाबालिग लड़की को नोयडा दिल्ली से टॉस कर उअन्के परिजनों को सौपा गया।

# बीना को जिला बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



**बीना, देशबन्धु।** बीना को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ समिति के सदस्यों ने गांधी तिराहे पर धरना दिया। सदस्यों ने देर शाम तक धरना प्रदर्शन किया। बीना जिला बनाओ समिति के सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, दीनदयाल उपाध्याय, रज्जू सेन, मनोहर राय, अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि हर बार बीना जिले की मांग को सरकार नजर अंदाज कर देती है। जबकि प्रदेश में बीना से भी छोटे नगरों को जिले का दर्जा मिल गया है। प्रदेश के छोटे कस्बों को जिला बनाया गया है लेकिन बीना के साथ नाइंसाफी की जा रही है। यदि छोटे कस्बे जिला बन सकते हैं तो बीना नगर को भी जिला बनाना चाहिए। इस दौरान सदस्यों ने बताया कि बीना से सागर 75 किलोमीटर दूर है। किसानों को मजबूरी में अपना पूरा काम छोड़कर सागर जाना पड़ता हैं। राजस्व संबंधी कामों के लिए भी सागर जाना पड़ता है। इसलिए बीना को जिला बनना बहुत जरूरी है। धरना प्रदर्शन के दौरान सामाजिक संगठनों और प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के लोग मौजूद रहे। जिला बनाओ समिति के उपाध्याय रज्जू सेन ने बताया कि बीना में रेलवे जंक्शन, रिफाइनरी, जेपी, स्कूल, कॉलेज, बैंक, होटल, अस्पताल सहित जिले स्तर की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है।

रेलवे जंक्शन होने के कारण यहां पूरे देश भर के यात्री सफर करते हैं। जिसके कारण बीना के हजारों लोगों का रोजगार चलता है। खुरई जिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य राजीव श्रीवास्तव, संतोष सिंह ठाकुर, अमित दुबे का कहना है कि बीना पहले खुरई तहसील का ही हिस्सा रहा है और करीब 1982 में ही तहसील बनी है। इसके बाद खुरई से मालथौन तहसील बनी और अब बांदरी भी तहसील बनाई गई है। खुरई तहसील का गठन 1867 को हुआ था जो सबसे बड़ी और सबसे पुरानी तहसील मानी जाती है। समिति के सदस्यों ने बताया कि खुरई में जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के लिए पर्याप्त शासकीय जमीन है। यहां तक कि 1980 के दशक से चली आ रही समिति और सरकारी रिकार्ड के अनुसार खुरई का नाम जिला पुर्नगठन आयोग ने पहले प्रस्तावित किया है। खुरई में सबसे पुरानी तहसील, न्यायालय, शिक्षा का क्षेत्र, कृषि यंत्रों में देश में नाम, गेहूं में देश में प्रसिद्ध, शासकीय कृषि महाविद्यालय, बड़ा 100 बिस्तरीय अस्पताल, मेडिकल कॉलेज को आरक्षित भूमि, पॉलिटेक्निक कॉलेज, नवोदय विद्यालय और जिला कार्यालयों को आवश्यक पर्याप्त खाली जमीन सहित अन्य ऐसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है।

### मंत्री प्रतिनिधि ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने मंथन



**मालथौन, देशबन्धु।** प्रतिनिधि लखन सिंह ने मालथौन एवं बांदरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बरोदियाकलां के डबडेरा, मृगावली एवं ढड़ली में जनसंपर्क एवं भ्रमण भी किया। मंत्री प्रतिनिधि ने मंत्री कार्यालय में आयोजित बैठकों में कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड और पंचायत मुख्यालय पर बसों की व्यवस्था हड़कलखाती बीना जाने हेतु की गई है। सभी पार्टी के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुनने पहुंचे। भ्रमण के दौरान मंत्री प्रतिनिधि लखन डबडेरा, मृगावली एवं ढड़ली में जनसंपर्क एवं भ्रमण कर लोगों से बातचीत की। मौके पर ग्रामीणों ने मंत्री प्रतिनिधि के समक्ष अपने विचार एवं मांगे रखी। जिन पर मंत्री प्रतिनिधि ने सीताराम मंदिर की बाउंड्रीवाल और गेट, सीसी रोड निर्माण, टीन शेड सहित विभिन्न कार्यों को जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने उक्त कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

### बरायचरखेरा में की लोगों से मुलाकात

# भागवत कथा के समापन पर हुए भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने सोमवार को ग्राम बरायचखेरा में श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना।

छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरायचखेरा पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने हनुमान मंदिर में जाकर मत्था टेका और वहां चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमती ललिता यादव ने इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने किसानों, गरीबों, दलितों और महिलाओं सभी वर्गो की समस्याओं पर ध्यान देकर विभिन्न योजनाओं से उन्हें लाभ पहुंचाने का काम किया है। जबकि इसके पहले लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस घोषणाओं के अलावा कुछ नहीं कर सकी।

क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को विजयी बनाना समय की जरूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि वे दो बार विधायक चुनी गई और उन्होंने एक सेवक की तरह काम करते हुए क्षेत्र का भरपूर विकास कराया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वे विकास की खातिर मतदान करेंगे।

# बीज एवं कीटनाशक भंडारों की जांच के निर्देश



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई में किसान ने एक्सपायरी कीटनाशक की शिकायत की थी। जिसमें छतरपुर शहर के हटवारा स्थित गुप्ता बीज भंडार दुकानदार द्वारा दी गई एक्सपायरी कीटनाशक से फसल खराब होने की बात कही गई।

कलेक्टर ने मामले को त्वरित संज्ञान मे लेते हुए एडीएम नम: शिवाय अरजरिया को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। साथ ही पूरे जिले में जांच कराने के भी निर्देश दिए थे। एडीएम द्वारा तत्काल बीज भंडार का औचक निरीक्षण किया गया और कीटनाशकों की एक्सपायरी तिथि की जांच की गई। जिसमें कई दवाएं बगैर बेच एंव कुछ एक्सपायरी पाई गई। साथ ही लायसेंस भी एक्सपायरी पाया गया। किसानों के साथ धोखाधड़ी करने पर बीज भण्डार को तत्काल सील किया गया। जिसमें वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान कृषि अधिकारी भी उपस्थित रहे इसी क्रम में नायब तहसीलदार संध्या अग्रवाल द्वारा शहर के बिजावर नाका पर स्थित गोस्वामी बीज भण्डार की जांच की गई। जिसमें लायसेंस के साथ प्रथम दृष्टया कीटनाशक भी एक्सपायरी तिथि के पाए गए। दुकान को तत्काल सील करते हुए पंचनामा बनाया गया। आगे वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# निशुल्क नेत्र शिविर में हुई 120 मरीजों की आंखों की जांच



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *सरानी दरवाजा बाहर स्थित माँ महालक्ष्मी मंदिर में नगर अग्रवाल समाज द्वारा मंगलवार को लगाए गए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में श्री सदुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डाक्टरों द्वारा 120 लोगों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 10 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया।*

*जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि गल्ला व्यापारी ओमप्रकाश अग्रवाल ब्रजपुरा वालों द्वारा पिता बेनीप्रसाद अग्रवाल व मां रामप्यारी अग्रवाल की स्मृति में नगर अग्रवाल समाज के तत्वावधान में लगे इस शिविर में श्री सदुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डाक्टरों डॉ. प्रदीप मिश्रा, रोहित लखेरा, ओमकार, सुभाष कुमार की टीम द्वारा 120 मरीजों की आंखों की जांच कर दवाई और चश्मा दिए गए। जांच के दौरान 10 मरीजों को मोतियाबिंद होने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए शिविर के तत्काल बाद चित्रकूट ले जाया गया।*

### कन्या ने किया शुभारंभ

*आयोजक ब्रजपुरा वाले परिवार से शिविर का शुभारंभ लक्ष्मी स्वरूपा भव्या अग्रवाल ने माता महालक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का पूजन और दीप प्रज्जवलित कर किया। इसी परिवार के ओम प्रकाश, बाल मुकुंद अग्रवाल, बबीता, भावना आदि मरीजों को खिचड़ी प्रसाद वितरित करते रहे। शिविर में मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।*

### इनकी रही भूमिका

*शिविर में अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल, संरक्षक हरि प्रकाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अग्रसेन महिला मंडल अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम शानू के साथ ही जय नारायण अग्रवाल, बद्री बरदाना, राजेश अग्रवाल, सौरभ सन्नी, पुरुषोत्तम दद्दा, हर्षित अग्रवाल,जितेंद्र अग्रवाल, संतोष बसारी वाले, जगदीश अग्रवाल, गिरीश मोदी, अनिल बंटी, संजू राठ वाले, सानिध्य, अवि, सागर, रूपाली सागर अग्रवाल, संगीता गंगाराम अग्रवाल, रेनू बॉबी अग्रवाल, रूपा राजेंद्र अग्रवाल, कीर्ति अजय अग्रवाल, रूकमणी विनोद अग्रवाल, रेखा प्रमोद अग्रवाल, रचना मुकेश अग्रवाल, नीता नवल अग्रवाल आदि ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

देशबन्धु

सागर, बुधवार 13 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# लोकतंत्र में श्राप का क्या काम?

भोपाल से भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा ठाकुर, फिर से श्राप देती नज़र आ रही हैं। इस बार वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि पर बरस पड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में सनातन धर्म को मलेरिया और कोरोना के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा था कि ये जितनी जल्दी नष्ट हो जायें उतना ही अच्छा। मंगलवार को भोपाल की भेल (बीएचईएल) कंपनी के गेट पर वेतन वृद्धि की मांग पर कर रहे ठेका श्रमिकों का अनशन खत्म करवाने पहुंची थीं। अपने भाषण में उन्होंने जूनियर स्टालिन के बयान को अभद्र तो बताया ही, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मटन बनाये जाने पर उन्हें विधर्मी भी करार दिया। प्रज्ञा ने कहा कि, 'ये लोग (राहुल) कुछ भी कर सकते हैं- जनेऊ व तिलक लगा लेते हैं तो क्रॉस भी पहन सकते हैं। उनका गुस्सा यहीं तक नहीं ठहरा।' उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला को कहा कि 'वे कहां के तोपचंद हैं जो किसी को श्राप देंगे?' सुरजेवाला ने भाजपा के मतदाताओं को 'राक्षसी प्रवृत्ति का' बतलाया था। उदयनिधि के बयान के बाद द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेता ए राजा ने सनातन को कुष्ठ रोग व एड्स जैसा बतला दिया। एक्टर प्रकाश राज ने भी सनातन धर्म की तुलना डेंगू से कर दी थी।

इन सभी को एकमुश्त श्राप देते हुए प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि 'प्रकाश राज नायक नहीं, खलनायक हैं।' उनका कहना था कि 'जिसे यह नहीं पता कि वह कहां रहता है और किसके खिलाफ बोल रहा है, वह खलनाक ही हो सकता है।' आगे उन्होंने यह भी कहा कि 'जिसने सनातन धर्म को जैसा कहा, वह वैसा ही भोगे। जिसने इस धर्म को डेंगू कहा उसे डेंगू मिले, जिसने मलेरिया कहा उसे वही मिले और जिसने उसे कुष्ठ रोग कहा उसे भी वही प्राप्त हो।' उन्होंने इन सभी बयान देने वालों को उनके द्वारा उल्लेखित बीमारियां भरपूर मिलने की बात कही।

प्रज्ञा ठाकुर द्वारा इस प्रकार किसी को श्राप देने का मामला पहला नहीं है। मालेगांव बम विस्फोट कांड की आरोपी प्रज्ञा ने महाराष्ट्र पुलिस के विशेष जांच दल प्रमुख हेमन्त करकरे के बारे में 2019 में बयान दिया था कि उनकी (करकरे) मौत इसलिये हुई थी क्योंकि उन्होंने करकरे को श्राप दिया था। साध्वी के अनुसार पुलिस कस्टडी में जांच के दौरान करकरे ने उन्हें प्रताड़ित किया था। वे कहती हैं- 'मैंने करकरे को कहा था कि तेरा सर्वनाश होगा। मेरे श्राप के कुछ ही दिनों के बाद 2008 में करकरे आतंकवादियों के हाथों मुंबई हमले के दौरान मारे गये थे।' वैसे जब इस पर हंगामा हुआ तो उसका देश भर में विरोध हुआ था। अनेक वरिष्ठ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके दबाव में उन्होंने अपना बयान यह कहकर वापस ले लिया कि 'इससे देश के दुश्मनों को फायदा हो रहा है इसलिये वे इसे वापस लेती हैं तथा माफी मांगती हैं।' उन्होंने करकरे को इसलिये 'शहीद' बतलाया कि 'आखिरकार उनकी हत्या तो आतंकवादियों द्वारा ही की गई है।' उन्होंने अपने बयान को 'खुद का दर्द' बतलाया। प्रज्ञा को मालेगांव विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया था जिसमें 6 लोग मारे गये थे और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। जिस मोटर साइकल के जरिये यह विस्फोट हुआ था वह उन्हीं के नाम पर पंजीकृत थी इसलिये उन्हें भी गिरफ्तार किया गया था। 9 साल तक जेल में बिताने के बाद उन्हें स्वास्थ्यगत कारणों से जमानत दी गई थी। उन्होंने तब भाजपा की सदस्यता ले ली और 2019 में उन्हें भोपाल से लोकसभा का टिकट मिला था। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को हराया था क्योंकि मामला हिंदुत्व के नैरेटिव पर लड़ा गया था। उस चुनाव के दौरान बझ़फ़ीड न्यूज़ में उन पर लेख प्रकाशित हुआ था जिसका शीर्षक था- 'दी मोस्ट टॉक्सिक केंडिडेट इन दी वर्ल्ड्स बिगेस्ट इलेक्शन इज़ ए होली वूमेन हू वांट्स टू स्टार्ट ए रिलीजस वॉर विद मुस्लिम' (दुनिया के सबसे बड़े चुनाव का सर्वाधिक ज़हरीला प्रत्याशी एक पवित्र महिला है जो मुस्लिमों के खिलाफ जंग छेड़ना चाहती है)। इसके पीछे कारण यह था कि प्रज्ञा ने महात्मा गांधी के हत्यारे को 'देशभक्त' बताया था। इसका भी उल्लेख लेख में हुआ है। हालांकि इस पर शीर्ष नेतृत्व ने उनसे नाराज़गी जताई थी। 18 साल की उम्र में संन्यास धारण करने वाली प्रज्ञा ठाकुर को 38 वर्ष की उम्र में मालेगांव कांड में गिरफ्तार किया गया था। 46 साल की होने पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टिकट दिया था।

प्रज्ञा ठाकुर का विवादों से स्थायी नाता रहा है। उन्होंने इसी साल फरवरी में वक्फ़ बोर्डों पर सवाल उठाया था कि 'जब मुस्लिमों का वक्फ़ बोर्ड बन सकता है तो सनातन बोर्ड क्यों नहीं बन सकता?' उन्होंने कहा था कि 'हिन्दू धर्म कानून पर चलता है लेकिन विडंबना है कि हिंदू मंदिरों के ट्रस्ट सरकार के हाथों में हैं। इन्हें मुक्त होना चाहिये और हिंदुओं का हिंदुओं के काम आना चाहिये। इनके धन का इस्तेमाल सनातन के विकास में होना चाहिये। इसके लिये सनातन बोर्ड बनना चाहिये जिससे हमारे मठ-मंदिर स्वतंत्र होंगे और इनमें भव्यता आयेगी।' उन्होंने वक्फ़ बोर्डों पर आरोप लगाया कि 'वे ज़मीनें रख लेते हैं। जिन ज़मीनों को वे अपना बताते हैं जांच करने पर पता चलता है कि वे उनकी हैं ही नहीं।' प्रज्ञा का आरोप था कि 'वक्फ़ बोर्डों की आड़ में माफ़िया पनप रहे हैं।' धर्म को जब राजनीति से मिलाया जाएगा तो कुछ ऐसा ही विमर्श तैयार होगा जिसमें नफ़रत और हिंसा का प्राधान्य होगा; और फिर लोकतंत्र कोई पौराणिक आख्यान तो है नहीं जिसमें वरदान या श्राप की कोई भूमिका हो।

# पर्दों के पीछे गरीब छिप सकते हैं, गरीबी नहीं

इसी शनिवार-रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 के सम्मेलन का समापन हो चुका है। तमाम राष्ट्राध्यक्षों की रवानगी हो चुकी है। शक्तिशाली देशों के अंतरराष्ट्रीय संगठन की प्रक्रियागत व रोटेशन में मिली अध्यक्षता को एक तरह से अर्जित पद प्राप्ति का सा प्रचारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आयोजन का प्रचारात्मक एवं स्वयं की छवि एक स्टेट्समैन की तरह बनाने का जितना लाभ उठा सकते थे, उतना उठा चुके हैं। अब इसका फायदा अगले लोकसभा चुनाव में कैसे उठाना है, यह भी वे सोच चुके होंगे। बड़े-बड़े नेताओं के साथ वार्ताएं करते या उनके साथ दोस्ताना ताल्लुक रखने के कारण देश की शक्ति बढ़ने का आभास दिलाने वाली कई खबरें और तस्वीरें पिछले दो दिनों से विभिन्न अखबारों में शाया हुई हैं और सत्ता से मित्रता के आदी टीवी समाचार चैनल फालोअप या साइड स्टोरीज़ के नाम पर अब तक खुशनुमा तस्वीरें दिखा रहे हैं। देश नयी बुलन्दियों पर दिखाया जा रहा है या कम से कम ऐसा माना जा रहा है।

देश जिन ऊंचाइयों पर बैठा है, वहां उसके साथ और कौन है? वहां केवल विदेशी मेहमान हैं और उनकी आवाभगत करते हुए सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। यहां तक कि सत्ता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोग तक मौजूद नहीं हैं, जो उनकी अपनी पार्टी के हों या सरकार में शामिल लोग। फिर विपक्षी नेताओं की बिसात ही क्या? यह तो सही है कि यह विशिष्ट आयोजन था और उसमें मौजूदगी खास लोगों की हो सकती थी परन्तु आम जनता को जिस तरह से इस दौरान सरकार ने अवांछनीय और त्याज्य बनाया, वह बेहद शर्मनाक है। मुख्यधारा का मीडिया ऐसी खबरें छापने से परहेज करता है लेकिन अब जो बातें सामने आ रही हैं वे भयावह हैं। दिल्ली और देश को खुशहाल साबित करने के लिये जिस प्रकार से गरीब बस्तियों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया, वह बताता है कि मोदी सरकार ऐसी जनता को नहीं चाहती। उसके लिये ये देशवासी ही नहीं है। सम्भवतः मोदी अपने अतिथियों को बतलाना चाहते हैं कि उनके देश में न कोई गरीब है और न ही भुखमरी है। मानों यहां गरीब बस्तियां ही नहीं हैं। यह अलग बात है कि मोदी अपने बारे में इस आशय की बातें फैलाकर ही इस पद तक पहुंचे हैं कि वे काफी गरीब परिवार से आते हैं और उनकी मां ने लोगों के घरों में बर्तन मांजकर सबका गुजारा किया है। यह भी कि उन्होंने बहुत छुटपन में रेलवे स्टेशन पर चाय बेची है। उनकी जिजीविषा को हमेशा से सराहा गया है लेकिन सवाल यह है कि गरीबी से उठकर आये मोदी को देश के इन गरीबों को छिपाने की ज़रूरत क्यों पड़ी? फिर, क्या पर्दे टांग देने से यह तथ्य छिप सकता है कि देश में गरीबी है? गरीब तो छिपाये जा सकते हैं, गरीबी नहीं। यह वैश्विक और डिजीटल व्यवस्था है जहां कोई भी किसी से कुछ नहीं छिपा सकता। सारे आंकड़े और तथ्य सार्वभौमिक हैं। उलटे, सारे देशों के विकास सम्बन्धी सभी तरह के आंकड़े उसी दुनिया में एकत्र होते हैं, वहीं उनकी समीक्षा होती है और वहीं टिकाऊ विकास लक्ष्य के सभी मानकों में कौन सा देश किस रैंक पर है, इसे भी तय करने वाले वे ही देश हैं। पर्दों के पीछे की असलियत से स्वयं मोदी उतने वाकिफ़ नहीं होंगे जितने इन देशों की एजेंसियां हैं और वे जानते हैं कि किन सूचकांकों में भारत की स्थिति कहां पर है। सारा जग जानता है कि देश की 80 करोड़ से ज्यादा की आबादी के मुफ्त 5 किलो प्रति माह के राशन पर जीवित है। एक सामान्य बुद्धि का राजनयिक या राष्ट्राध्यक्ष, जो भारत सम्बन्धी सारे आंकड़ों व तथ्यों से लैस होकर ही सम्मेलन में शिरकत करने आया होगा, समझ गया होगा कि उनके रास्तों में पड़ने वाले इलाकों में ये बड़े-बड़े पर्दे क्यों लगाये गये हैं। दुनिया यह भी जानती है कि चकाचौंध में भरोसा रखने वाले मोदी ने विदेशी मेहमानों के आगमन पर उनके अपने गृहनगर अहमदाबाद की मलिन बस्तियों को दीवारें उठवाकर छिपा दिया था ताकि गुजरात मॉडल की सच्चाइयां सामने न आयें जिसका ढिंढोरा खूब पीटा गया था और उसी मॉडल को देश भर में लागू करने के लिये मोदी गुजरात से उठकर दिल्ली चले आये हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> देश जिन ऊंचाइयों पर बैठा है, वहां उसके साथ और कौन है? वहां केवल विदेशी मेहमान हैं और उनकी आवाभगत करते हुए सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी हैं। यहां तक कि सत्ता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोग तक मौजूद नहीं हैं, जो उनकी अपनी पार्टी के हों या सरकार में शामिल लोग। फिर विपक्षी नेताओं की बिसात ही क्या? यह तो सही है कि यह विशिष्ट आयोजन था और उसमें मौजूदगी खास लोगों की हो सकती थी।

यह तो सही है कि मेहमानों के सामने अपने घर का श्रेष्ठ दिखाने और बुरा छिपाने की प्रवृत्ति स्वाभाविक होती है। यह भी सही है कि लोग अक्सर अपने बूढ़े मां-बाप, बीमार बुआ, विधवा सास, बहन, मां आदि को किसी अलग कमरे में रख देते हैं और कोशिश करते हैं कि मेहमानों के जाने के बाद ही उन्हें निकालें। यह हकीकत है परन्तु स्वीकार्य नहीं, न ही मानवीय गरिमा के अनुकूल। फिर, यह व्यक्तिगत स्तर पर या परिवार के स्तर पर की बात हो सकती है लेकिन देश के स्तर पर इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि पर्दों के पीछे छिपाये गये लोगों का भी देश के इस गौरवपूर्ण क्षणों का आनंद लेने का उतना ही हक है जितना कि लकदक कपड़ों में सजे और बड़ी गाड़ियों में आवाजाही करने वाले अन्य लोगों का है। वैसे भी वे कौन सा आयोजन स्थल के भीतर घुसे जा रहे हैं या शाही दावतों में घुस सकते हैं? वे अपने घरों से निकल भी न सकें, इसकी मुकम्मल व्यवस्था सरकारी तंत्र ने कर रखी थी। लगभग तीन-चार दिन सुरक्षा के नाम पर एक तरह से कर्फ्यू ही लगा रखा था। लोगों को ज़रूरी कामों के लिये भी निकलना दूभर था अथवा लम्बी दूरियों के या असुविधापूर्ण रास्ते लेने पड़े। यह अमानवीयता है। अपने ही देश की बड़ी आबादी को इस तरह से पर्दे से ढंक देना उनका अपमान भी है। यह सारा कुछ सचमुच बहुत निर्मम है। क्या जनता केवल वोटर है? मनुष्य होने के नाते उसके साथ जो गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिये, वह सरकार की ओर से बहुत संकीर्ण व क्षुद्र प्रयोजनों के चलते होता हुआ नहीं दिखता।

हालांकि अपनी छवि बांधने के चक्कर में सत्ता के लिये यह बहुत छोटी सी कीमत समझी गई हो, पर यह कोई लोकतांत्रिक व्यवहार नहीं है। यह एक तरह से राजशाही या तानाशाही प्रणाली है कि अपने ही लोगों को इस तरह से बंद कर रखा जाये। मानों वे त्याज्य व अवांछनीय हों।

अमानवीयता तो यह भी है कि सम्मेलन के पहले दो-तीन दिनों पहले से अभियान चलाकर दिल्ली के सैकड़ों कुत्तों को बहुत निर्मम तरीके से पकड़कर अज्ञात जगहों पर ले जाया गया। उन्हें पकड़ने और नगर निगम की गाड़ियों व पिंजरों में जैसे भरा गया, लगता नहीं कि उनमें से बहुत जीवित बचे होंगे। बचे भी होंगे तो घायल, बीमार, भूखे-प्यासे रखे गये होंगे। ऐसा नज़ारा भी देश ने पहली बार ही देखा है। पशु प्रेमी व्यक्ति एवं संगठन इस दौरान तो नदारद रहे ही, अब तक उनका इसके खिलाफ कोई बयान भी नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर भारतीय जनता पार्टी की सांसद एवं पूर्व मंत्री मेनका गांधी की याद आनी स्वाभाविक है जो अपने श्वान प्रेम के लिये विख्यात रही हैं। गाड़ी के नीचे एक पिल्ले के दबने से भी दुखी होने वाले नरेन्द्र मोदी सैकड़ों निरीह प्राणियों के प्रति हुई क्रूरता से कितना पसीजे होंगे, इसकी कल्पना ही की जा सकती है।

लोगों को पर्दों से ढंकना हो या फिर मूक प्राणियों पर बेकदर अत्याचार- दोनों ही अस्वीकार्य है।

**( लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं )**

# नाहक का नदी जोड़

यदि जाने-माने विशेषज्ञों द्वारा किसी बड़ी नदी परियोजना के परिणाम बहुत हानिकारक होने की आशंका प्रकट की गई हो तो उचित समय पर रोक कर, इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह पुनर्विचार ऐसा नहीं होना चाहिए कि नाम-मात्र को कुछ समय के लिए रुक गए, अपितु पूरी पारदर्शिता व खुले मन से विभिन्न संभावित दुष्परिणामों की जांच होनी चाहिए। यदि वास्तव में दुष्परिणाम अधिक पाए गए तो ऐसी परियोजना पर अरबों रुपए और बर्बाद करने के स्थान पर इसे त्यागते हुए यह राशि जन-हित से जुड़े अन्य कार्यों, विशेषकर जल-संरक्षण के कार्यों पर खर्च करना चाहिए।

'केन-बेतवा लिंक परियोजना' एक ऐसी ही योजना है जो पहले से कई तरह की कठिनाईयों से गुजर रहे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए एक बड़ी आपदा उपस्थित कर सकती है। हजारों करोड़ रुपए खर्च कर बुलाई गई इस आपदा के तहत बांध बनाकर एक नहर के माध्यम से केन नदी का पानी बेतवा नदी में भेजा जाना है। इस तरह इसकी मूल एक पूर्व निर्धारित अवधारणा है जिसके मुताबिक केन में अपनी जरूरत से अधिक पानी उपलब्ध है, हालांकि इसके कोई प्रामाणिक आंकड़ अभी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं हैं।



भारत डोंगरा

> केन नदी व नहर व्यवस्था से सिंचित हो रहे अनेक गांवों के लिए जल-संकट बढ़ जाएगा। बांधों के नीचे के गांवों में भी यही स्थिति होगी। जब पहले ही केन जल-व्यवस्था में नदी व नहरों में क्षेत्र की आवश्यकताओं की तुलना में पानी कम रहता है तो बहुत सा पानी नदी से बाहर भेज देने पर क्या स्थिति होगी, इसके बारे में सोचा जा सकता है।

इस सोच को अनेक विशेषज्ञों व सरकारी पदों पर रह चुके पूर्व अधिकारियों ने अनुचित बताया है। केन क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को कृत्रिम तौर पर कम बताकर इसमें अतिरिक्त जल की सोच को किसी तरह स्थापित किया गया है जो उचित नहीं है। केन व उसकी कुछ सहायक नदियों में हाल के वर्षों में जिस तरह बहुत बड़े पैमाने पर अंधाधुंध बालू का खनन हुआ है, उस कारण केन व उसकी सहायक नदियां स्वयं संकटग्रस्त हैं।

केन व बेतवा दोनों का बहाव क्षेत्र बहुत दूर नहीं है, दोनों यमुना में ही मिलती हैं, दोनों के क्षेत्रों में प्रायः एक समय ही अधिक या कम वर्षा होती है, अतः दोनों को जोड़ने से कोई प्रयोजन सिद्ध होने वाला नहीं है। विशेषकर यह भी देखते हुए कि बेतवा क्षेत्र में जहां पानी की अधिक कमी है वहां इस परियोजना का पानी नहीं पहुंचेगा। वास्तव में यह केन-बेतवा, उत्तरप्रदेश या मध्यप्रदेश का सवाल है ही नहीं। चूंकि यह परियोजना अपने मूल रूप में ही बेबुनियाद व औचित्यविहीन है, अतः राष्ट्रीय संदर्भ में यह धन की बर्बादी ही है, जबकि सही जल-संरक्षण कार्यों के लिए धन उपलब्ध होना चाहिए।

इस परियोजना में लाखों पेड़ों का कटना व हजारों गांववासियों का विस्थापित होना तय है। अनेक वर्ष पहले के सरकारी तौर पर मान्य दस्तावेजों में 23 लाख पेड़ कटने की बात कही गई थी, पर उस समय छोटे पेड़ इसमें नहीं गिने गए थे। अब इनके भी बड़े होने से परियोजना में 30 लाख या उससे भी अधिक वृक्ष कटने की संभावना है।

पन्ना के टाईगर रिजर्व, घड़ियाल संरक्षित क्षेत्र आदि में वन्य जीवों के लिए स्थिति बहुत अस्त-व्यस्त हो जाएगी, आरक्षित क्षेत्र विभाजित हो जाएगा व जल-जीवों के लिए पानी की कमी होगी। बांधों व नहर से हजारों लोग विस्थापित होंगे, खेत उजड़ेंगे, पेड़ कटेंगे, कई जल-स्रोत नहर के मार्ग में आने से अस्त-व्यस्त होंगे।

केन नदी व नहर व्यवस्था से सिंचित हो रहे अनेक गांवों के लिए जल-संकट बढ़ जाएगा। बांधों के नीचे के गांवों में भी यही स्थिति होगी। जब पहले ही केन जल-व्यवस्था में नदी व नहरों में क्षेत्र की आवश्यकताओं की तुलना में पानी कम रहता है तो बहुत सा पानी नदी से बाहर भेज देने पर क्या स्थिति होगी, इसके बारे में सोचा जा सकता है।

एक नदी का पानी दूसरी नदी के पानी में मिलने से अनेक जल-जीवों के लिए ऐसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं जिनका अनुमान पहले से लगाना कठिन है। इस लिंक योजना का बहाव बुंदेलखंड की अधिकांश नदियों के प्राकृतिक बहाव से अलग है व यह प्राकृतिक व्यवस्थाओं में व्यवधान उत्पन्न करते हुए कभी बाढ़ तो कभी दलदलीकरण तो कभी सूखे की समस्या को और विकट कर सकती है।

पहले आईआईटी-कानपुर में प्राध्यापक और फिर मध्यप्रदेश शासन की ओर से 'विक्रम साराभाई फैलो' के रूप में सक्रिय रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. भारतेंदु प्रकाश ने बुंदेलखंड के जल संकट के समाधान पर विस्तृत अध्ययन किए हैं। उन्होंने भी यही संस्तुति की है कि 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' को छोड़कर परंपरागत समृद्ध जल-संरक्षण कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाए। प्रो. ब्रज गोपाल ने भी इस संबंध के विस्तृत अध्ययनों के आधार पर ऐसी ही राय प्रकट की थी। पूर्व मंत्री व अर्थशास्त्री डा. वाईके अलघ और पूर्व सचिव, जल संसाधन, भारत सरकार ने 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' के विरोध में राय दी है। 'दक्षिण एशिया में नदियों व बांधों के नेटवर्क' 'सैन्ड्रप' ने इस परियोजना के अनेक संभावित दुष्परिणामों के विरुद्ध ध्यान दिलाया है।

केन-बेतवा को जोड़ने के लिए प्रतिवर्ष जो हजारों करोड़ रुपयों का बजट है, उसे अगले कुछ वर्षों के लिए बुंदेलखंड के जल-संरक्षण के कार्यों और प्राकृतिक खेती व वनीकरण पर खर्च किया जाए तो हरे-भरे, टिकाऊ, आजीविका से मजबूत बुंदेलखंड हमारे देखते-देखते ही उभरने लगेगा। साथ में जलवायु परिवर्तन के मौजूदा दौर में इस संकट को कम करने व इससे बेहतर जूझ सकने की क्षमता भी विकसित हो सकेगी।

बुंदेलखंड में चंदेल व बुंदेल शासन-व्यवस्था के दौरान निर्मित तालाबों व अन्य जल-स्रोतों की समृद्ध परंपरा है। इसमें स्थानीय स्थितियों के अनुकूल जल-संरक्षण का उत्तम उदाहरण मिलता है जिससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। हाल के वर्षों में इन तालाबों की श्रृंखला से सीखने के प्रयास भी हुए हैं व इस कारण इनके महत्व के बारे में बेहतर समझ बनी है। इसके अतिरिक्त छोटे स्तर के जल-संरक्षण कार्यों से अनेक संस्थाओं ने भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। इनसे लाभान्वित अनेक किसानों ने बताया कि उनकी आजीविका सुधारने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

समझदारी इसी में है कि 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' जैसी बाहरी तौर पर प्रचारित अति महत्वाकांक्षी, पर भीतर से खोखली परियोजनाओं को त्यागकर छोटे, स्थानीय स्तर के जल-संरक्षण कार्यों पर सरकार अधिक ध्यान दे। इस संदर्भ में 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' का पूरी ईमानदारी से पुनर्मूल्यांकन इस समय निश्चय ही राष्ट्रीय हित में होगा व बहुत बड़ी धनराशि के निरर्थक व्यय को रोकने में इससे मदद मिलेगी।

**( लेखक प्रबुद्ध एवं अध्ययनशील लेखक हैं। )**

## पावन प्रसंग

# समय को साधें जीवन संवारें

सभी को दिन-रात में चौबीस घंटे मिले हैं। हर पल मिल कर दिवस बनाता है और समय का हर पल नदी की प्रवाह की भांति निरंतर गतिशील है जो सतत प्रवाहमान है। जो कभी रुकता नहीं। इसको संभाला नहीं गया तो यह हमेशा के लिए हाथ से निकल जाएगा। सामान्यतया इंसान समय के साथ कुछ इस तरह का व्यवहार करता है कि जैसे उसके पास अनंत समय हो, परंतु समय बीत जाने के बाद वह पश्चाताप करता है। वास्तव में मनुष्य के पास यथार्थ में जो समय होता है वह वर्तमान ही होता है। वह जीवन में जो कुछ बनना चाहता है, पाना चाहता है या करना चाहता है वह इस वर्तमान का सदुपयोग करते हुए ही संभव है।

इस तरह हर सुबह नए दिन का शुभारंभ का अवसर होता है जिसमें हम दिन के श्रेष्ठतम कार्य का खाका भली प्रकार खींच सकते हैं। और हर रात दिन भर की उपलब्धियों के साथ भूल-चूकों की समीक्षा व सुधार करते हुए अगले दिन को और बेहतर बनाने का सुअवसर होता है और दिन का हर पल सदुपयोग का अवसर होता है जिससे व्यक्ति अपने जीवन को संवार सकता है। इस तरह आने वाले कल का अपना कोई अस्तित्व होता नहीं है यह वर्तमान पर ही आधारित होता है। बीत गए भूत का भी महत्व नहीं है जो कुछ भी है वह वर्तमान ही है जो हमारे हाथ में है। यदि हम सफलता का सपना देखते हैं तो हमें आज अभी से हर कार्य के लिए प्रयासरत रहना होगा। दिन का प्रत्येक घंटे, मिनट व पल का सदुपयोग करते हुए जीवन की सकल संभावनाओं को यथाशीघ्र साकार करना होगा।

अधिकांश लोग समय का महत्व समझ नहीं पाते व इसका सदुपयोग नहीं कर पाते। जिसमें प्रमुख बाधाएं इस प्रकार हैं- समय के महत्व को नहीं समझ पाना, प्राथमिकताओं का तय नहीं हो पाना। काम को टालते रहना, एक ही समय पर बहुत सारे काम को हाथ में लेना।

समय के श्रेष्ठतम उपयोग के लिए समय प्रबंधन से कुछ जुड़ी बातों का ध्यान रख जा सकता है-अपने समय की बर्बादी की तह तक जाएं, सबसे पहले देखें कि हमारा समय, ऊर्जा कहां बर्बाद हो रहा है। जब यह समझ आएगा कि कौन सी चीज आपके समय व ऊर्जा को चौपट कर रही है जिसके कारण आपके महत्वपूर्ण कार्य कल पर टल रहे हैं, आपके जीवन में आवश्यक व महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी समय नहीं मिल पा रहा, सतत आपात की स्थिति बनी हुई है और जीवन नर्क बनता जा रहा है तो आप इनको चिन्हित कर इनका सहज समाधान कर सकते हैं। प्रतिदिन की योजना बनाएं व प्राथमिकता तय करें।

आपको निश्चित करना होगा कि अमुक कार्य के लिए कितना समय देना है। फिर समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने की कोशिश करें। व्यवहारिक सीमा रेखा बना कर कार्य करने से दिनचर्या अनुशासित रहती है। अनावश्यक कार्यों में उलझने की गुंजाइश समाप्त हो जाती है तथा कार्यक्षमता कई गुना बढ़ जाती है। जो कार्य महत्वपूर्ण व कठिन लग रहा हो उसे सबसे पहले निपटाएं क्योंकि प्रातः ऊर्जा का स्तर बढ़ा चढ़ा रहता है। मन मस्तिष्क स्फूर्त एवं सक्रिय रहते हैं। एकाग्रता भी प्रगाढ़ रहती है। इस प्रकार कम समय में बहुत से कार्य होते हैं तथा बचे हुए समय में हम दूसरे काम पूर्ण कर सकते हैं। एक समय पर एक ही कार्य करें। एक साथ कई काम निपटाने पर मन की ऊर्जा व एकाग्रता बंट जाती है इसलिए नियमित रूप वह परिणाम नहीं मिल पाता जिसे हम संतोषजनक कह सकें। इसलिए एक समय पर एक ही कार्य करें। जब वह कार्य पूरा हो जाए तभी दूसरा कार्य हाथ में लें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# मां-बाप की स्टेटस टैग, ले रहा बच्चों की जान

आजकल हर मां-बाप का सपना होता है कि उनका बच्चा आसमां की बुलंदियों को छुए और यही ख्वाहिश अक्सर हर पेरेंट्स अपने मासूम बच्चों के कंधों पर लाद देते हैं। ऐसे में वे यह भी जानने की जहमत नहीं उठाते कि आख़िर उनका बच्चा क्या चाहता है? परीक्षा का दबाव और मां-बाप की उम्मीदें इस हद तक बच्चों पर हावी हो रही है कि वो परीक्षा के इम्तिहान के डर से मौत को गले लगा लेते हैं।

परीक्षा जीवन का एक हिस्सा होती है पर परीक्षा को ही जीवन मान लेना ये कहां की समझदारी है? दुनिया में ऐसा कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं बना जो किसी के भविष्य को तय कर सके पर वर्तमान दौर में उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अपने भविष्य निर्माण की तैयारी कर रहे छात्रों के बढ़ते मौत के आंकड़े यह बताने के लिए काफ़ी है कि कैसे भविष्य निर्माण के दबाव में बच्चे मौत को गले लगा रहे हैं। वैसे तो हमारे देश में नई शिक्षा नीति को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की गई थी। कहा तो ये तक गया था कि नई शिक्षा नीति रोजगार देने वाली होगी। पाठ्यक्रम बदला, नीतियां बदलीं पर नौनिहालों के जीवन का संकट, भविष्य संवारने की लालसा अभी तक पूरी न हो सकी। देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से प्रतियोगी हो चली है। बच्चे स्कूल में दाख़िल होते भी नहीं और उनके लिए ट्यूशन मास्टर रख दिए जाते हैं। भविष्य गढ़ने की चिंता में बच्चे का बचपन तक दांव पर लगाने से माता-पिता पीछे नहीं हटते हैं।

अभी चंद दिनों पहले ही चेन्नई से एक दर्दनाक खबर सामने आई थी। यहां एक पिता अपने जवान बेटे की मौत के दर्द को सहन नहीं कर पाया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सेल्वासेकर नाम का ये व्यक्ति पेशे से एक फोटोग्राफर था पर कैमरे के लेंस से अपने बेटे के दर्द पर फ़ोकस नहीं कर पाया। उनका बेटा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था पर परीक्षा में असफल हो गया और मौत को गले लगा लिया। इस घटना ने पिता को अंदर तक आहत कर दिया। पिता ने भी बेटे की मौत के गम में आत्महत्या कर ली पर आत्महत्या करने से पहले छात्र के पिता ने अपने मित्र से कहा कि, 'वो अपने बेटे में एक डॉक्टर को देख रहा था, लेकिन काश वो अपने बेटे में सिर्फ अपने बेटे को ही देख पाते। उसका मन पढ़ पाते तो आज उनका बेटा ज़िंदा होता।' ये एक मात्र उदाहरण नहीं, ऐसी दास्तां समाज में अनेक मिल जाएगी, लेकिन वर्तमान दौर में कौन किस मनोदशा से गुज़र रहा है। यह जानने-समझने का समय किसी के पास नहीं! सभी अपने जीवन में इस कदर व्यस्त हो गए है कि सामने वाला व्यक्ति किस दर्द, किस परेशानी में है, इससे किसी का वास्ता नहीं रहा।

पिछले साल नोएडा में ही एक 20 साल के छात्र ने भी खुदकुशी कर ली थी। इस हादसे ने डॉक्टर मां और इंजीनियर पिता की ज़िंदगी में कभी न भरने वाला दर्द दे दिया। उनका बेटा आईआईटी एंट्रेंस की तैयारी कर रहा था। बेटा अपना बैंड बनाना चाहता था। उसे संगीत का बहुत शौक था, पर पिता के दबाव ने उसे आईआईटी की तैयारी में लगा दिया। बेटे न म्यूजिक पढ़ने की इच्छा जताई तो पिता ने गुस्से में उसका गिटार तोड़ दिया। पिता को लगता है कि उनका बेटा कमज़ोर है, पर मां जानती है कि उनका बेटा हारा नहीं बल्कि उनके स्टेट्स टैग ने उसे हारने पर मजबूर कर दिया था। आज भी हमारे आसपास ऐसी कितनी कहानियां और कितना दर्द भरा हुआ है। कितने मां-बाप अपने जवान बेटे की मौत का मातम मना रहे हैं। राजस्थान के कोटा शहर की ही बात करें तो ये शहर सुसाइड हब बना चुका है। ऐसे में अब जरूरत है अपने बच्चों को बचाने की, न कि स्टेटस सिंबल और अपनी महत्वाकांक्षाओं के नाम पर उन्हें मौत के मुंह में ढकेलने की।

**- सोनम लववंशी**

# आंगनबाड़ी भर्ती में चल रहा बड़ा फर्जीवाड़ा

- डेढ वर्ष बीत जाने के बावजूद सूची नही हो रही जारी
- बीपीएल कार्ड तथा निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने का चल रहा गोरख धंधा

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले की आंगनवाडियों में रिक्त स्थानो पर विगत डेढ वर्ष पूर्व भर्ती करने की प्रकिया महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी की गई थी। लेकिन गुनौर विकासखंड अन्तर्गत आज दिनांक तक आगनवाडियों में कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की अंतिम भर्ती सूची जारी नही की गई है तथा लगातार नियुक्ति आदेश जारी करने में विलंब किया जा रहा है एवं भर्ती प्रकिया में व्यापक स्तर पर अनिमित्ता एवं फर्जीवाडा सामने आ रहा है। इसी संबंध में गुनौर विकासखंड अन्तर्गत ग्राम सलेहा निवासी शिल्पा वर्मा पति प्रबल कुमार वर्मा ने जिला कलेक्टर के नाम दिये आवेदन में उल्लेख किया कि में ग्राम सलेहा की निवासी हूं। मेरा ब्लाक स्तर से आंगनवाडी कार्यकर्ता सलेहा के पद पर कमेटी द्वारा चयन कर दिया गया था तथा सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय पन्ना भेज दी गई थी एवं दावा आपत्ति का समय चार जुलाई 2023 निर्धारित कर दिया गया था। लेकिन जिला स्तर से आज दिनांक तक चयनित सूची जारी नही की गई तथा एक अगस्त 2023 को मनमाने ढंग से जिला समिति द्वारा दूसरे नम्बर पर रही अभ्यार्थी प्राची सोनी के नाम से आपत्ति आवेदन लेकर जांच प्रारंभ कर दी गई। जबकी मेरे सभी दस्तावेज सही है एवं उनकी जांच पूर्व में ही की जा चुकी है। लेकिन मुझे ज्ञात हुआ है कि राजनैतिक हस्ताक्षेप के चलते तथा मनमाने ढंग से मेरे दस्तावेजो के साथ छेड छाड करने की कोशिश की जा रही है।

गौरतलब है कि इसी प्रकार जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा लगतार समय बढाने के चलते कुछ स्थानों पर बीपीएल कार्ड एवं निवासी प्रमाण पत्र खारिज अधिकारियो से मिलकर करा दिये गये है। जिससे चयनित अभियार्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया से विलभ करने का षडयंत्र किया गया है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में 25 जुलाई, 01 अगस्त, 05 सितम्बर तथा 12 सितम्बर को बैठके करके लगातार अन्य अभीयार्थियों को समय दिया जा रहा है। इस दौरान मेरे सभी दस्तावेज वैध होने के बावजूद नियुक्ति आदेश जारी नही किया जाना संन्देह के घेरे में है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिला स्तर पर गठित समिति में जिला पंचायत सदस्य के स्थान पर उनके पति को बैठक मे शामिल किया जाता है तथा वह बैठक के दौरान सभी प्रकार की प्रकिया में भाग लेते है। जबकी मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट आदेश दिये गये है कि कोई भी शासकीय बैठक में यदि महिला प्रतिनिधि है तो बैठक में वही शामिल होगें उनके पति या अन्य प्रतिनिधि शामिल नही होगें। आवेदक श्रीमती वर्मा ने जिला कलेक्टर से मामले को गंभीरता से लेने तथा तत्काल नियुक्ती आदेश जारी करने की मांग की है।

### इनका कहना है

दावा आपत्तियों का निराकरण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जा रहा है एक सप्ताह के अन्दर यह प्रकिया पूरी हो जायेगी, इसके पश्चात् सभी के नियुक्ति आदेश जारी कर दिये जायेगें।

**ऊदल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पन्ना**

# खनिज मंत्री ने दिव्यांगजनों को मोटर ट्रायसाइकिल का किया वितरण



**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडिप योजना के तहत जनपद पंचायत कार्यालय पन्ना प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर 46 दिव्यांगजनों को मोटर ट्रायसाइकिल सहित कान मशीन एवं अन्य सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में विकासखण्डवार जरूरतमंद दिव्यांगजनों के लिए शिविर के माध्यम से उपकरणों का वितरण सराहनीय है। इससे दिव्यांगजनों का जीवन आसान होगा। बैटरी चलित मोटर ट्रायसाइकिल मिलने से इनका आवागमन भी आसान होगा और दिक्कतें दूर होंगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए सेवाभाव जरूरी है। उन्होंने निरंतर इस प्रकार के कार्यक्रम और आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों के चिन्हांकन की जरूरत बताई। साथ ही कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि दिव्यांगजनों को नि:शक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करने में किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सदैव सुख-दुख में सहभागी बनने का भरोसा दिया। ग्राम रोजगार सहायक और पंचायत सचिव भी दिव्यांग लोगों की मदद और लाभ दिलाने के लिए आगे आएं। मानवीय काम के साथ यह नैतिक जिम्मेदारी भी है। खनिज मंत्री ने दिव्यांगजनों को माला पहनाकर स्वागत किया और संवाद भी किया। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और गत माह में दिव्यांगजनों के चिन्हांकन शिविर व उपकरण वितरण के बारे में जानकारी दी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण पर्ची और दिव्यांगजनों को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे सहित जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं पार्षद, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, पुष्पराज सिंह, बृजेन्द्र गर्ग और लाभार्थी उपस्थित थे।

कोतवाली नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा ने की कार्यवाही

# रेत से भरे दस ट्रैक्टर ट्राली पकड़े



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा तथा एसडीओपी एसपी सिंह बघेल के निर्देशन में कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा द्वारा अवैध गतिविधियों तथा जुंआ, सट्टा सहित अपराधो पर लगाम लगा रखी है। नगर में कहीं भी अवैध शराब तथा जुंआ, सट्टा की जानकारी नही मिल रही है एवं अवैध गतिविधियों मे लिप्त अपराधीयो में हडंपक की स्थिति है। इसके बाद निरीक्षक श्री मिश्रा द्वारा महीनो से ट्रेक्टर ट्रालियो के माध्यम से अवैध रेत का कारोबार किया जा रहा था। उन पर ताबड तोड कार्यवाही की तथा पन्ना अजयगढ रोड खजरी कुडार दहलान चौकी से एक साथ रेत से भरे दस ट्रैक्टर ट्राली पकडे तथा ट्रैक्टर चालको से आवश्यक दस्तावेज मंगाये गये लेकिन किसी भी चालक के पास रेत से संबंधित दस्तावेज नही पाये गयें। उन्हे पकडकर सिविल लाईन चौकी में रखा गया है। ज्ञात हो कि प्रतिदिन अजयगढ से पन्ना सौ से डेढ सौ ट्रैक्टर रेत लेकर आते थें तथा उंचे दामो में पन्ना नगर मे रेत की बिक्री कर रहें थे। वर्तमान में रेत का ठेका बंद है तथा अवैध रूप से स्थानीय अधिकारियो, नेताओं की मिली भगत से रेत का अवैध कारोबार चल रहा है। जिस पर कोतवाली निरीक्षक द्वारा शिंकजा कस दिया गया है। आगे देखना है यह कारोबार बंद होता है या फिर से चालू हो जाता है।

## कार्यालय नगर परिषद मालथौन, जिला-सागर (म.प्र.)

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2023/1716 मालथौन दिनांक 12/09/2023

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www. mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि (वर्षाकाल सहित ) एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_306946_1 12-09-2023 | वार्ड क्रं. 01 से 08 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 8.05 लाख | 1- 2000.00 2- 8100.00 | 27-09-2023 |
| 2. | 2023_UAD_306947_1 12-09-2023 | वार्ड क्रं. 07 मे विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2-8.26 लाख | 1- 2000.00 2- 8300.00 | 27-09-2023 |
| 3. | 2023_UAD_306948_1 12-09-2023 | वार्ड क्रं. 09 से 15 में विभिन्न स्थानों पर डब्ल्यू. बी. एम. रोड निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 9.00 लाख | 1- 2000.00 2- 9100.00 | 27-09-2023 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन www. mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मालथौन जिला सागर**

## कार्यालय नगर परिषद राहतगढ़, जिला- सागर मध्यप्रदेश

क्रमांक/ /नामान्तरण दिनांक 12/09/2023

**इश्तहार म्यादी 30 दिवस**

मध्यप्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम 1961 की धारा 150-151 के तहत आवेदकों द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। अतः इन नामान्तरणोंन्ध में जिस किसी की आपत्ति हो अन्दर म्याद 30 दिवस में नगर परिषद कार्यालय राहतगढ़ में प्रस्तुत करें। म्याद गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य न होगी।

| क्र. | प्रकरण क्रं. | आवेदक का नाम | अनावेदक का नाम | नामांतरण का प्रकार | संपत्ति का विवरण | वार्ड एवं मार्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 325 | विशालरानी W/O स्व. राजेन्द्र सिंह दांगी बहेरिया, संध्या W/O दीप सिंह दांगी ठाकुर ग्राम सेवन तहसील जैसीनगर | शकील S/O अब्दुल रसीद कुरैशी जाहिदा बी वार्ड-11 राहतगढ़ | रजिस्ट्री | खसरा न. 2/4/1/1/1/1/2 में 2250 वर्गफुट | वार्ड क्र. 13 राहतगढ़ |

**आवेदक द्वारा प्रकाशित**


## बेचना है

MARUTI SUPER CARRY- MODEL- 2023- MP.15. ZC. 2964

अच्छी कन्डीशन में है।

संपर्क करें

सुन्दरम फायनेन्स लिमिटेड सिविल लाइन सागर

मो.- 9425600589
9425303512


## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अंतिम चयन सूची जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** बाल विकास परियोजना कार्यालय गुनौर, पवई एवं पन्ना ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर चयन के लिए जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। गुनौर परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भगेपुरा धरवारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर सरिता सिंहए पवई परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र कुपना में प्रीति चौबे और पन्ना ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र बिलखुरा.2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नेहा गौड़ का अंतिम रूप से चयन हुआ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर ने संबंधित परियोजना अधिकारी को दो दिवस में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नियुक्ति आदेश जारी कर सूचित करने के लिए कहा है।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 14 सितम्बर को

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी संभाग पन्ना कार्यालय द्वारा 14 सितम्बर को पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया गया है। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। कार्यपालन यंत्री प्रशांत वैद्य ने विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन और अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण कराने का आग्रह किया है।

## जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, छतरपुर-471001

(Email- gmicha@mp.gov.in)

**प्रेस नोट**

**औद्योगिकी क्षेत्र, चंद्रपुरा, जिला छतरपुर में ''प्रथम आओ, प्रथम पाओ'' प्रक्रिया द्वारा आवेदन ऑन लाइन आमंत्रित ।**

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, छतरपुर के औद्योगिक क्षेत्र, चंद्रपुरा, तहसील व जिला छतरपुर में विनिर्माण औद्योगिक इकाई की स्थापना हेतु इच्छुक उद्यमियों से भू-खंड क्र. 54 हेतु ऑन लाइन आवेदन दिनांक : 25.9.2023 प्रातः 10.00 बजे से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के उद्योग संचालनालय की वेबसाइट www.mpmsme.gov.in के माध्यम से ''प्रथम आओ, प्रथम पाओ'' के सिद्धांत पर आमंत्रित किये जाते है।

आवेदनकर्ता इकाई द्वारा भूमि आवंटन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र आवश्यक सहपत्रों के साथ पूर्ण कर ऑन लाइन प्रस्तुत किये जावेंगे। नियम, प्रक्रिया एवं भू-खंड की विस्तुत जानकारी विभाग की www.mpmsme.gov.in से एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, छतरपुर से कार्यालयीन समय में भी प्राप्त की जा सकती है।

**( आशुतोष गुप्ता ) महाप्रबंधक**
**जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, छतरपुर ( म.प्र. ), दूरभाष क्र. 07682-248238**

जी-19569/23

## कार्यालय अधीक्षक सब जेल हटा जिला दमोह (म.प्र.)

क्रमांक / 991/ निर्वाह/ 2023 हटा दिनांक 04/09/2023

**-:: ई-टेण्डर निविदा आमंत्रण सूचना::-**
**वार्षिक ठेका वर्ष 2023-24 ( द्वितीय बार )**

समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है, कि सब जेल हटा में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल आपूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 के तहत् (1) खाद्यान सामग्री (2) दवाईयां, मेडिकल जांच एवं परीक्षण आदि सामग्री की पूर्ति हेतु वार्षिक निविदाएं (ई-टेण्डर) के माध्यम से दिनांक 29.09.2023 को सायंकाल 05: 30 बजे तक वेबसाईट www.mptenders.gov.in आमंत्रित की जाती है।

**सहा. जेल अधीक्षक**
**सब जेल हटा**

जी-19600/23

# केटर्स रात्रि 11 बजे तक ही भोजन प्रदाय करेंगे



**सागर, देशबन्धु।** हलवाई वेटर्स एवं केटरर्स समिति की श्री हनुमान मंदिर पहलवान बब्बा पर बैठक हुई। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी केटरर्स एवं हलवाई मिलकर शहर में होर्डिग लगवाकर सभी नगर वासियों से निवेदन करेंगे कि सागर शहर के सभी केटर्स रात्रि 11 बजे तक ही भोजन प्रदाय करेंगे। कृपया शहरवासी अपने निमंत्रण कार्ड पर आपके आगमन तक नहीं लिखवायें। आपके आगमन से रात्रि 11 बजे तक हीं लिखवायें।

क्योंकि गरीब मजदूरों एवं महिलाओं के हित में आपसे निवेदन कर रहे है कि महिलाओं एवं मजदूरों को अगले दिन सुबह काम पर फिर जाना होता है एवं अधिक रात्रि होने से महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा रास्ते में असामाजिक तत्वों से भी खतरा होता है। अत: यह निर्णय महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है।

सभी से अपील कर रहे है कि आप सभी शहरवासी सहयोग करेंगे। इस अवसर पर इन्द्रजीत मिश्रा, गज्जू गुप्ता, अरविन्द्र मिश्रा, राकेश तिवारी, मुन्ना यादव, शिखर जैन, राममिलन ठाकुर, गौरव जैन, शंकर यादव, खिलान ठाकुर, फूलसिंह, लखन राय आदि सदस्य उपस्थित थे।

## खेलों एमपी यूथ गेम्स विकासखंड स्तरीय चयन ट्रायल आज

**सागर, देशबन्धु।** विकासखंड स्तरीय खेलों एमपी चयन ट्रायल का आयोजन सागर जिले के विभिन्न विकासखंडों में किया जा रहा है। इसी क्रम में विकाखंड बण्डा में 13 सितम्बर को शासकीय माडल स्कूल मैदान में किया जा रहा है। विकासखंड स्तरीय चयन ट्रायल हेतु खेल कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, बास्केटबॉल, कुश्ती, हॉकी, तैराकी आदि खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/37 सागर दिनांक 12/09/2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक के सागर नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 761/23-24 | जवाहरगंज | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | कैलाशचन्द पिता शीतलचन्द जैन | अन्जू पति नीलेश केशरवानी |
| 2. | 762/23-24 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा नकल | नीलेश पिता आनंद मंगल पटैरिया | अशोक पिता स्व. शंकरलाल अग्रवाल |
| 3. | 763/23-24 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा नकल | मेसर्स नमन एण्ड कुलदीप कन्सट्रक्शन | नरेश पिता रामदास पटेल |
| 4. | 764/23-24 | बरियाघाट | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र | स्व. सुदामा प्रसाद पिता रामचन्द भोंसले | विमला बेवा सुदामा एवं सचिन, साधना, सुमति पिता स्व. सुदामा प्रसाद भौसंले |
| 5. | 765/23-24 | शिवाजी | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | संजय पिता कैलाशचन्द कण्डया | सुनीता पति राजकुमार जैन |
| 6. | 766/23-24 | बल्लभनगर | मृत्यु- प्रमाण पत्र, शपथ पत्र आधार कार्ड | स्व. मोहनलाल पिता स्व. पर्वतलाल रैकवार | राजेश, तुलसीराम, बृजेश एवं कमलेश पिता स्व. मोहनलाल, कल्पना, रानीबाई, सुलोचना, मधु एवं प्रियंका पुत्रीयां स्व. मोहनलाल एवं राधारानी पति स्व. मोहनलाल रैकवार |
| 7. | 767/23-24 | सूबेदार | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा, टैक्स रसीद | जन्मजय प्राप.एण्ड डेव्ल. द्वारा पार्ट अरविन्द साहू | साधना पति मुकेश जैन |
| 8. | 768/23-24 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | ममता पति हरिप्रसाद पटैल | प्रियंका पति बृजेन्द्र अहिरवार |
| 9. | 769/23-24 | चकराघाट | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | बसन्ती बेवा जगदीश प्रसाद, मयंक एवं वरूण पिता स्व. जगदीश, अंजुदेवी बेवा राममनोहर एवं शयंक, तरूण पिता स्व. राममनोहर सराफ | विनीता पति आशीष सोनी |
| 10. | 770/23-24 | संतकबीर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | नरेन्द्र, रोहित एवं उपेश पिता स्व. घनश्याम कोरी | तेजसिंह पिता किशनचन्द साहू |

**कृते-आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, सागर**

## मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. रहली संभाग

**कार्यालय का नाम कार्यपालन अभियंता ( सं./सं. ) संभाग रहली**

फोन नंबर 07585292155 ई मेल ee9554700@ymail.com

**बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना**

बिजली लाईनों का आवश्यक मेन्टेनेन्स कार्य करने के लिए निम्नानुसार क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

| आपूर्ति बंद रहने का दिनांक/दिन | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मोबाईल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 14.09.2023 | सुबह 08.00 02.00 बजे तक | 33 केव्ही. रहली | रहली शहर से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री राहुल शाह सहायक अभियंता | 9425613995 |
| 14.09.2023 | सुबह 08.00 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. राहजपुर घरेलू एवं कृषि | सहजपुर,अमोदा,कुसमी, बेडार से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री आर.आर. कारसेन्टर प्रभारी अधिकारी | 9425613893 |
| 14.09.2023 | सुबह 08.00 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. केसली फीडर | केसली, मरामादा, देवरीकलां समनापुर,पठा से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री आर.आर. कारसेन्टर प्रभारी अधिकारी | 9425613893 |
| 14.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. सागोनी घरेलू एवं कृषि | बिछुआ, डोंगरसलैया, कुसमी सिंगपुरगंजन, पहला, सुना से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री आर.आर. कारपेन्टर प्रभारी अधिकारी | 9425613893 |
| 14.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. बेदवारा घरेलू | काछीपिपरिया,सहजपुरीकलां रमगढ़ा, किशनगढ़ से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री शैलेन्द्र चौबे कनिष्ठ अभियंता | 9425613979 |
| 14.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. बैदवारा कृषि | बैदवारा कैलावॉस, सोनपुर सकरी से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 15.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. देवरी | वार्ड नंबर 15 से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री सुखदेव देसाई कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 15.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. महका घरेलू एवं कृषि | महका, कन्जेरा, नादिया, नेंगवा से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री आर.आर. कारपेन्टर प्रभारी अधिकारी | 9425613893 |
| 15.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. रामनापुर कृषि | खारी, समनापुर,मदनपुर पठाकलां से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री आर.आर. कारपेन्टर प्रभारी अधिकारी | 9425613893 |
| 15.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. कोपरा घरेलू एवं कृषि | सिलारी, नीमाढ़ाना,गोपालपुर पुरैनाकरण से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अभियंता | 9425613984 |
| 15.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. सिंगरिया घरेलू | अचलपुर, पर्रका, सेमरागौंड सिमरिया नायक, तालगपुर से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री शैलेन्द्र चौवे कनिष्ठ अभियंता | 9425613979 |
| 15.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. गौरझागर कृषि | गौरझामर, गुगवारा, फतेहपुर से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 16.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. रहली टाउन | वार्ड क्रमांक 1,2,3,4,7 एवं 10 से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री सुखदेव देसाई कनिष्ठ अभियंता | 9425613983 |
| 16.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. टडा घरेलू | टडा, उमरिया एवं अन्य ग्राम से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री आर.आर. कारपेन्टर प्रभारी अधिकारी | 9425613893 |
| 16.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. कोपरा जैतपुर घरेलू एवं कृषि | जैतपुर कोपरा,खतौला, खतौली रागनापुर खुर्द भैरगढ़, सेंदवारा से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री सुनील अहिरवार कनिष्ठ अधिकारी | 9425613984 |
| 16.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. बरकोटी कृषि | बरकोटीकलॉं, बरकोटीखुर्द रामटेक, ज्वाप से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 17.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. पटना | वार्ड क्रमांक 5,6,9,11,12,13 एवं 14 से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री सुखदेव देसाई कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 17.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. बिजौरा कृषि | बिजौरा, सीरी, खागखेड़ा बेरखेरीराजा से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 18.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. गोरझामर घरेलू | गौरझामगर,गुगवारा, फतेहपुर से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 19.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. मंडी घरेलू | मढीजमुनिया,पिपरियाबेनी बहेरियाकलॉं, भटुआ से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 20.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. बरगुवॉ घरेलू | चरगुवॉ, खोडी, सिमरिया, सिलारपुर, सुजानपुर से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 21.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. महका घरेलू | जनकपुर, पीराघाट,सोनपुर, सर्रा बेरखेरीहार, गगवार से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 22.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. खैराना घरेलू | खैराना से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 23.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. बरकोटी घरेलू | बरकोटीकलॉं, बरकोटीखुर्द ज्वाप, मडखेरा, जैतपुरकछया सरखेडा, रामटेक, दलपतपुर से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 24.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. बिजौरा घरेलू | बिजौरा घोषपट्टी, खागखेडा बेरखेरीराजा से संबंधि समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 25.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. मंडी कृषि | मढीजमुनिया, पिपरियावेनी, बहेरियाकलॉं, भटुआ, सालावारा से संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 26.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. चरगुवॉ कृषि | चरगुवॉ, खोडी, सिमरिया, सिलापरपुर, सुजानपुर संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |
| 27.09.2023 | सुबह 08.00 से 02.00 बजे तक | 11 केव्ही. महका कृषि | जनकपुर, पीराघाट,सोनपुर सर्रा बेरखेरीहार, गगवारा पडरई संबंधित समस्त क्षेत्र | श्री प्रशांत सिंह कनिष्ठ अभियंता | 9425613986 |

**नोट:**- आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई/घटाई जा सकती है।
बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 1912 डायल करें। समय पर बिजली बिल जमा करें।

**कार्यपालन अभियंता ( सं./सं. )**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि.संभाग रहली**

# टेंकर की टक्कर से बाइक पर सवार मां की मौत, पुत्र घायल

## पलेरा से टीकमगढ़ जाते समय जतारा बायपास के पास आमने सामने हुई भिड़ंत

**जतारा, देशबन्धु।** तेज व लापरवाही से वाहन चला रहे दूध डेयरी के टैंकर चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक पर सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घायल युवक एवं मृतक महिला मां-बेटे बताए जा रहे हैं।

थाना जतारा पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि जतारा-टीकमगढ़ बाईपास मार्ग पर पलेरा की ओर से बाइक चालक मुकेश आदिवासी पुत्र धनीराम आदिवासी निवासी पलेरा अपनी बाइक क्रमांक एमपी 36 एमक्यूं 1823 पर सवार होकर अपनी मां श्रीमती शीला आदिवासी पत्नी धनीराम आदिवासी उम्र 45 साल टीकमगढ़ जा रहे थे। जतारा बाईपास के पास जैसे ही बाइक चालक पहुंचा तभी टीकमगढ़ की ओर से आ रहे दूध डेयरी के टैंकर क्रमांक एमपी 30 क्यू 1245 के चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी।

इस घटना में बाइक सवार युवक मुकेश आदिवासी को दोनों पैर व हाथों में गम्भीर चोट आने के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा लाया गया जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बाइक पर सवार महिला श्रीमती शीला आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मौके से टैंकर को जप्त करके घटना की विवेचना शुरु कर दी है।

### घटना में प्रयुक्त एक ओमनी गाड़ी जब्त, थाना जतारा पुलिस को मिली सफलता

# एटीएम से बैटरी चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार






**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को सघन गश्त एवं रात्रि में संदिग्धों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन जतारा पुलिस द्वारा 11-12 सितंबर 2023 की दरम्यानी रात जतारा बस स्टैंड पर लगे एटीएम में चोरी करने की नियत से घुसे दो व्यक्तियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन व्यक्तियों की सूचना पर एक अन्य साथी को गिरफ़्तार किया गया। घटना के लिए साथ लाए कटर एवं प्लास और चोरी की बैटरी ले जाने के लिये साथ लाई ओमनी गाड़ी को बस स्टैंड से जप्त किया है।

आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों ने पूछताछ पर निवाड़ी, छतरपुर जिले में भी एटीएम से बैटरी चोरी करना स्वीकार किया है। संबंधित थाना प्रभारियों से संपर्क कर तस्दीक कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में धर्मेंद्र सिंह पिता रमेश सिंह निवासी बगोरा थाना मऊरानीपुर, रवि पिता रामदीन अहिरवार ग्राम जरया, गुलाब पिता आनंद अहिरवार निवासी जरया थाना बम्होरी कलाँ जिला टीकमगढ़ शामिल हैं। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी जतारा अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक मनोज दिवेदी, प्रधान आरक्षक मनमोहन, प्रधान आरक्षक बालकिशन सहित एफआरवी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

# सीएमएचओ ने छात्राओं को एलबेंडाजोल की खिलाई गोली




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत सरकार के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन ने मंगलवार 12 सितम्बर को कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकमगढ़ में छात्राओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही 15 सितम्बर को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं आदिवासी, छात्रावास, मदरसों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को कृमि नाशक गोली एल्बेन्डाजोल का सेवन कराया जायेगा। इसमें शिक्षा, आदिम जाति, एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से यह कार्य का सफल संचालन होगा।

डीएचओ डॉ.के.एम.वरुण ने बताया कि एक बर्ष से 19 बर्ष तक के 611910 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिले के विकासखण्ड स्तर के मैदानी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न माध्यमों से ग्राम स्तर तक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया एवं स्कूलों के माध्यम से बच्चों के पालकों को भी गोली खिलाने की जानकारी दी गई है।

1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेन्डाजोल 400 एमजी की आधी गोली दो चम्मच के बीच में पीसकर खिलाये, 02 से 03 बर्ष के बच्चों को एक गोली पीसकर कर खिलाना है। 03 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 400 एमजी एक गोली चबाकर खिलाई जायेगी। डी.एच.ओ. द्वितीय डॉ. पी. के. माहौर ने बताया कि कृमि होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि अवरूद्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि कृमि कई कारणों से बच्चों के पेट में पहुंच सकते है। नंगे पैर खेलने, बिना हाथ धोये खाना खाने, खुले में शौच करने एवं साफ-सफाई न रखने से होती है। वहीं दूसरी ओर उनमें खून की कमी व पोषण स्तर पर दुष्प्रभाव परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि इसलिये एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशक एल्बेन्डाजोल की एक गोली पानी के साथ आवश्यक खिलायें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव, ए.एम.बी. के सम्भागीय समन्वयक सागर हुसैन खॉन, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. सिद्वार्थ रावत, एन.एम.एस. दिनेश खरे, जिला मीडिया अधिकारी मनोज नायक, सहित अधिकारी/कर्मचारी तथा छात्रायें उपस्थित रहीं।

# विधानसभा निर्वाचन संबंधी तैयारियों हेतु बैठक आयोजित

टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधी तैयारियों हेतु बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले की तीनों विधानसभाओं टीकमगढ़, खरगापुर एवं जतारा के सभी रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. आजाद अहमद मंसूरी, डॉ. हरिमोहन राय, डॉ. एबी खरे, डॉ. आरके जैन द्वारा नाम निर्देशन एवं समस्त 33 प्रकार के प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। सीईओ जिला पंचायत श्री जैन द्वारा सभी रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स को अपने विधानसभा क्षेत्र में पूर्व से ही समस्त प्रकार की समितियां गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही 16 सितम्बर से एक अक्टूबर 2023 के मध्य विकास खंडवार शून्य प्रशिक्षण की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सारी प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु सहायक नोडल अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक परशुराम त्रिपाठी, राजशेखर पांडे एवं शैलेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध रेत परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुये थाना देहात पुलिस द्वारा रेत का अवैध परिवहन करते हुए महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित जप्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार 12 सितम्बर को ग्राम श्रीनगर तिगैला से चालक गजेंद्र उर्फ गोलू पिता मुन्नालाल मिश्रा उम्र 23 साल निवासी ग्राम श्रीनगर थाना देहात से लाल रंग का महिन्द्रा कम्पनी का टेक्ट्रर रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 36 ए 3615 रेत से भरी ट्राली सहित जप्त कर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी देहात, प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा, अवधेश खटीक, आरक्षक अवनीश एवं एनआरएस मलखान की सराहनीय भूमिका रही।

# तहसीलदार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर बच्चों को खिलाई दवा



**पलेरा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर मंगलवार को तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को खुद अपने हाथों से दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए तहसीलदार अवंतिका तिवारी ने कहा कि एल्बेंडाजोल दवा एक सुरक्षित दवा है। इस दवा का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है। एल्बेंडाजोल दवा पेट में कीड़ों को समाप्त करने के लिए दी जाती है। पेट में अधिक कीड़े होने की स्थिति में यह दवा देने पर बच्चे को हल्के से चक्कर आ सकते हैं या उल्टी हो सकती है। ऐसी स्थिति से घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी स्थिति में बच्चे को थोड़े समय के लिए खुली हवा में लिटा दें व पानी पिला दें। इसके उपरांत 5-7 मिनट में ही बच्चा सामान्य अवस्था में आ जाता है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर महेंद्र पटेल ने कहा कि एल्बेंडाजोल दवा बच्चों को दी जानी अनिवार्य है। पेट में होने वाले कीड़े या कृमि से बच्चे के शरीर में खुराक नहीं लगती और बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चे के शरीर को अनेक बीमारियां होने लगती है। एल्बेंडाजोल दवा का अभी तक कोई भी साइड इफेक्ट जानकारी में नहीं आया है। उन्होंने स्कूल के बच्चों को बताया कि एल्बेंडाजोल दवा देते बच्चा खाली पेट न हो अथवा बच्चे ने दवा लेने से पूर्व कुछ न कुछ भोजन अवश्य किया हो। इस मौके पर डॉक्टर फिरोज खान, राहुल खरया, गगन सोनी, कुनाल चतुर्वेदी, अतीक अहमद समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पत्नि से झगड़ा कर रहे पुत्र ने पिता को मारा पत्थर

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में सोमवार को एक युवक द्वारा अपने पिता के साथ मारपीट करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में सोमवार को फरियादी लल्लू पिता मकुंदा अहिरवार उम्र 57 साल निवासी बम्होरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके अनुसार फरियादी का पुत्र तुलाराम अहिरवार अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा था तो फरियादी ने अपने पुत्र को झगड़ा करने से मना किया तो उसके पुत्र तुलाराम ने फरियादी को पत्थर उठा कर मार दिया, जिससे फरियादी को चोट आ गई। फरियादी लल्लू ने अपनी पत्नी रामकुवंर के साथ पुलिस थाने में आकर घटना की रिपोर्ट कराई है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# अति कुपोषित बच्ची का आरबीएसके द्वारा किया गया नि:शुल्क उपचार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम नुना में अतिकुपोषित बच्ची रोहिका को निरंतर फॉलोअप तथा नि:शुल्क इलाज कर पूर्णत: स्वस्थ्य किया गया। रोहिका के माता-पिता ने बच्ची के पूरी तरह स्वस्थ्य हो जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टीकमगढ़ एवं पलेरा में पदस्थ डॉ. शामिया अंसारी एवं डॉ. विपुलकांत बदैया के ग्राम नुना भ्रमण के दौरान 20 अगस्त 2022 को सतीष और तुलया अहिरवार की 2 वर्षीय पुत्री रोहिका अहिरवार मिली जो गंभीर रूप से कुपोषित एवं तेज बुखार से पीड़ित थी। मामले की गंभीरता देखते हुये टीम बच्ची को लेकर पलेरा पहुंची, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलेरा में बच्ची को भर्ती किया गया। तत्कालीन बीएमओ डॉ. पुष्पेन्द्र कुशवाहा द्वारा बच्ची को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल टीकमगढ़ रिफर किया गया। तत्पश्चात उसी दिन टीम बच्ची को लेकर जिला अस्पताल टीकमगढ़ पहुंची, जहां तत्कालीन एनआरसी इंचार्ज डॉ. अमरीश शुक्ला ने बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण किया, उसको टीबी रोग की पुष्टि हुई। रोहिका को 15 दिनों तक जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। रोहिका को शासन द्वारा 6 महीनों तक टीबी की दवाईयां नि:शुल्क दी गयीं। आरबीएसके टीम में पदस्थ डॉ. शामिया अंसारी एवं डॉ. विपुलकांत जैन द्वारा समय-समय पर बच्ची का फॉलोअप करने के परिणामस्वरूप वर्तमान में भ्रमण के दौरान पुन: परीक्षण में बच्ची पूरी तरह स्वस्थ्य है।

# संगीतकार शंकर जयकिशन को समर्पित रहा कार्यक्रम स्वरांजली



**सागर, देशबन्धु।** जब जब संगीत की स्वरलहरियां छिड़ती है तब-तब हमारे आस पास सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला संभावना समग्र विकास समिति के संगीतमय आयोजन स्वरांजली कार्यक्रम में संभावना समग्र विकास समिति द्वारा मप्र संस्कृति संचालनालय भोपाल के सहयोग से आयोजित हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सफलतम संगीतकार जोड़ी शंकर जयकिशन के जयकिशन की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन श्यामलम् के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार तिवारी, सेवा निवृत्त उप संचालक जनसंपर्क, विशिष्ट अतिथियों के रूप में आकाशवाणी के उद्घोषक नासिर सिद्धकी, फिल्म समीक्षक डॉ. सुजाता मिश्रा और लोक कलाकार रचना तिवारी उपस्थित रहीं।

ॅकार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विजय लक्ष्मी दुबे ने की। कार्यक्रम में गायक कलाकार भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, अतुल श्रीवास्तव, साहिबा नासिर, अनिल गंगवानी, नवीन मोटवानी, दिनेश खरे और श्वर्या दुबे ने सुमधुर गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन प्रदीप पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि हिंदी फिल्मों के महान संगीतकार शंकर जयकिशन द्वारा रचित धुनों की गूंज हमारे भारत देश में ही नहीं विदेश में भी रही है। उनकी फिल्म 420 में राज कपूर पर फिल्मा, गया गीत मेरा जूता है जापानी जितना भारत में मशहूर हुआ उससे अधिक सोवियत संघ रूस में मशहूर हुआ। इससे सिद्ध होता है कि शंकर जयकिशन की धुनों को हम अपने देश की सीमा में नहीं बांधा जा सकता। उनके द्वारा रची हुई एक धुन के आधार पर फिल्म गुमनाम के एक गीत जान पहचान हो जीना आसान हो के संगीत संयोजन की विशेषता से इस फिल्म के करीब 10 कवर वर्जन ब्रिटेन में जारी हुए। कवर वर्जन में संगीत की धुन वही रहती है बस गायकी का अंदाज बदल जाता है इसलिए उच्चारण में भी थोड़ा फर्क आ जाता है। इस जोड़ी के जयकिशन का निधन हो जाने के बाद शंकर ने जोड़ी का नाम यथावत शंकर जयकिशन ही रखा और उनके जाने के बाद अनेक फिल्मों में संगीत भी इसी नाम से दिया। विशिष्ट अतिथि नासिर सिद्दीकी ने कहा कि ईश्वर ने जब शरीर बनाया तो आत्मा में सबसे पहले संगीत ही प्रविष्ट कराया। उन्होंने शास्त्रीय, सुगम और फिल्म संगीत की सूक्ष्म व्याख्या करते हुए शंकर जयकिशन के आर्केस्ट्रा को श्रेष्ठ व विशालतम बताया। डॉ. सुजाता मिश्र ने कहा कि फिल्म श्री 420 के गीत में एक लाईन आती है राते दसों दिशाओं से कहेंगी अपनी कहानियां, मैं न रहूंगी, तुम न रहोगे फिर भी रहेंगी निशानियां। जब जयकिशन ने यह गीत पढ़ा तो वो राजकपूर साहब से बोले कि भई दिशाएं तो चार होती हैं। ये दसों दिशाएं क्या है ये तो गलत है। राजकपूर साहब बोले कि भाई शैलेंद्र साहित्यकार है और मुझे उन पर पूरा भरोसा है, चलो उनसे ही पूछते हैं। जब शैलेंद्र जी से पूछा गया तो वो बोले कि उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम ये चार दिशाएं हुईं।

अब इनके बीच में चार और दिशाएं हैं ना। ऊपर आसमान और नीचे पाताल, हुई न दस दिशाएं। जयकिशन बोले भई वाह मान गये। शंकर ने अपने दोस्त जयकिशन के चले जाने के बाद भी अपनी जोड़ी को सलामत रखा और शंकर जयकिशन के नाम से ही फिल्मों को साइन किया। रचना तिवारी ने शंकर जयकिशन के संगीत को लाजवाब बताते हुए कहा कि इस जोड़ी ने अपनी धुनों में लोक संगीत का भरपूर प्रयोग किया है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. विजय लक्ष्मी दुबे ने सागर में पूर्व में हुए संगीत आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि फिल्म संगीत वास्तव में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय होता है। उन्होंने शंकर जयकिशन की जोड़ी को स्मृत करते हुए उन्हें वालीवुड का सर्वश्रेष्ठ संगीतकार कहा। उपस्थित श्रोताओं ने ऐसे आयोजनों को शहर के सांस्कृतिक विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक संस्था के सचिव डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग को लेकर रजक समाज के धरने का तीसरा दिन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** संयुक्त मोर्चा रजक समाज द्वारा धोबी (रजक) समाज को संपूर्ण मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग को लेकर जिला संयुक्त कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। रविवार 10 सितम्बर को पुरानी टेहरी स्थित संत गाडगे जी की प्रतिमा स्थल के पास एकत्र होकर शहर में रैली निकालते हुए केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार के निवास पर नारेबाजी करने के बाद रजक समाज के लोग जिला संयुक्त कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए हैं। रजक समाज के जिलाध्यक्ष नंदलाल रजक का कहना है कि भारत देश के 17 प्रांतो एवं मध्य प्रदेश के तीन जिलों में रजक समाज को अनुसूचित जाति में मान्य किया गया है, किंतु मध्य प्रदेश के शेष भाग में पिछड़ा वर्ग में रखा गया है जो समाज के साथ अन्याय है। श्री रजक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रकाशित राजपत्र भाग-1 सोमवार 20 सितम्बर 1976 को मिनिस्ट्री ऑफ ला जस्टिस एण्ड कंपनी अफेयर्स द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संशोधन आदेश प्रकाशित किया गया है। उक्त संविधान संशोधन के अनुसार किसी प्रदेश के एक जिले में कोई जाति अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आती है तो उसे संपूर्ण प्रदेश में अनुसूचित जाति/जनजाति के अंदर समाविष्ट किया जाना चाहिए। गजट नोटिफिकेशन के अंतर्गत प्रष्ठ क्रमांक 1386 के अनुक्रमांक 30 पर धोबी जाति का भी उल्लेख है। श्री रजक ने बताया कि राजस्थान के अजमेर जिले में ही अनुसूचित जाति में शामिल धोबी जाति को संपूर्ण राजस्थान में अन्य जातियों के साथ अनुसूचित जाति में शामिल कर लिया गया है और राजस्थान में धोबी समाज इसका लाभ प्राप्त कर रही है। श्री रजक ने बताया कि मध्य प्रदेश के तीन जिलों सीहोर, रायसेन एवं भोपाल में धोबी जाति अनुसूचित जाति में वर्ष 1950 के पूर्व से ही शामिल है, किंतु 1976 के संशोधन के आधार पर धोबी समाज को संपूर्ण मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। रजक समाज के जिलाध्यक्ष नंदलाल ने कहा है कि मांग पूरी नहीं होने तक संपूर्ण मध्य प्रदेश से रजक समाज धरना स्थल पर पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। मंगलवार 12 सितम्बर को धरना स्थल पर प्रमुख रुप से जिलाध्यक्ष नंदलाल रजक, युवा अध्यक्ष रितिक रजक, डॉ. कैलाश रजक प्रदेश प्रवक्ता संयुक्त मोर्चा, राजू रजक जिला संयोजक संयुक्त मोर्चा, रामबिहारी रजक, लक्ष्मी माते, हरदास माते, लखन रजक छतरपुर, आशाराम रजक, अरविंद रजक पार्षद, धर्मेश रजक हीरानगर, रमेश रजक बिजावर, परमानंद रजक, परमू ककरवाहा, रामकुमार लिधौरा आदि उपस्थित रहे।

### समाज के साथ अन्याय कर रही सरकार : नंदलाल

## सार समाचार

### प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**दमोह देशबन्धु।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें 61 बच्चों में से 55 बच्चों ने एल्बेंडाजोल की गोलियां खाई गई। इस अवसर पर एएनएम राजेश्वरी विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमला अहिरवार, सहायिका लक्ष्मी कुर्मी, एसएमसी अध्यक्ष नारायण प्रसाद अहिरवार, शिक्षक कमलेश कुमार अहिरवार के साथ-साथ शाला प्रभारी शीला पटेल उपस्थित रही।

### रक्तदान शिविर में किया रक्तदान

**दमोह देशबन्धु।** मिशन अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किशन लाल, अभिषेक साहू, संजय कुमार जैन, अजीत कुमार जैन, दीपक सिंघानिया, राकेश अहिरवाल, सचिन कोटवानी, विनीत अग्रवाल ने रक्तदान किया। 10 यूनिट ब्लड मिशन अस्पताल में एकत्रित किया गया। अभी नया ब्लड डोनेशन मशीन लगाई गई है।

### दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** ग्राम तारादेही में 24 घंटे का ब्लॉक स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। 24 घंटे तक संगीतमय दुर्गा चालीसा पाठ चलता रहा। समापन के समय मां जगत जननी की आरती हुई। आरती के पश्चात गुरुदेव जी की विचारधारा से अवगत कराया गया।

कलेक्टर, सीईओ सहित अधिकारी भी रहे मौजूद

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**दमोह देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम के मार्गदर्शन में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह के छात्रों द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया।

रैली पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों से भ्रमण करती हुई मुख्य सड़क पर निकली जिसमें एन.एस.एस. जिला संगठन डॉक्टर जितेंद्र कुमार चौधरी, सिद्धार्थ जाउरकर एवं सौरभ खरे द्वारा छात्रों को स्वीप से संबंधित नारे लगाए गए तथा गीत के माध्यम से उन्हें लोकतंत्र के सिपाही के रूप में प्रेरित किया गया। उक्त सभी कार्यक्रम सहायक स्वीप नोडल प्राचार्य डॉ. के पी अहिरवार के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु किए जा रहे हैं। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मत का उचित प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान में जिला निर्वाचन दमोह की संपूर्ण स्वीप टीम उपस्थिति रही तथा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य टी.के. श्रीवास्तव उपस्थित रहे जिनके द्वारा छात्रों को उत्साहित किया गया।

### 4 नोडल अधिकारियों को किये कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी हेतु आयोजित समीक्षा बैठक 11 सितम्बर 23 की बैठक में दूरभाष पर सूचना देने के उपरांत नोडल अधिकारियों के अनुपस्थित रहने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने 04 नोडल अधिकारियों यथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख प्रीतम सिंह, जिला प्रबंधक एम.पी.स्टेट एण्ड डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड नीरज बड़ा, जिला विपणन अधिकारी इन्द्रपाल सिंह राजपूत तथा उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मेकेनिकल खण्ड दमोह उत्कर्ष बोहरे को कारण बताओ नोटिस जारी किये। नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में अपना उत्तर प्रस्तुत किया जाने को कहा गया है। समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

---000---

## ओवर ब्रिज पर स्पीड ब्रेकर बनवाने एवं लोहे की जालियां लगवाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दमोह देशबन्धु।** अहिरवार समाज संघ के सदस्यों द्वारा जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी देते हुए अजय राज ने बताया कि पलंदी चौराहा ओवर ब्रिज के मोड पर पहले भी बड़े बड़े हादसे हो चुके है जिसमें 3-4 लोगों ने अपनी जान गवाई है। मगर पलंदी चौराहा ओवर ब्रिज पर जो मोड़ है उस पर सीमेंट की 2.5 फुट की जाली लगी हुयी है जिससे अगर मोड़ पर कोई वाहन पीछे से टक्कर मारता है वह व्यक्ति उछलकर 50 फुट ब्रिज के नीचे गिर जाता है और मौके पर ही व्यक्ति की मौत हो सकती है साथ ही मोड़ के पास में 11 हजार बोल्टेज की बिजली लाईन निकली हुई है अगर व्यक्ति उससे भी टकराता है तब भी उस व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। ज्ञापन देते हुए मांग की है कि पलंदी चौराह ओवर ब्रिज के मोड पर 6 फुट ऊंची लोहे की जालियां यथा शीघ्र लगवाएं एवं ब्रिज के पास स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की। इस संबंध में इसके पूर्व भी कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है परंतु अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई। ज्ञापन देने वालों में अजय राय, संजय रोहितास, राकेश चायवाले, छोटू रैकवार, राम रैकवार, विजय रैकवार, सोनू जाटव, विक्की जाटव आदि बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

## लोक सेवा प्रदान गारंटी अधिनियम: जिला स्तर पर हुआ कार्यक्रम



दमोह देशबन्धु। लोक सेवाओं के प्रदान गारंटी अधिनियम -2010 के अंतर्गत जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह की छात्रा कुमारी सादगी विश्वकर्मा कक्षा दसवीं ने पोस्टर प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में जिला पंचायत सीईओ दमोह, जिला शिक्षा अधिकारी दमोह एवं शासकीय सी.एम. राइस मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्राचार्य की उपस्थिति में प्रतिभागी को 5000 की राशि का चेक प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्य सुलक्षणा हजारी एवं समस्त स्टाफ ने छात्रा को बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय सी. एम. राइस मॉडल स्कूल दमोह में किया गया।

### राष्ट्रभाषा छात्र प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिताएं पुरस्कार वितरण संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भोपाल दमोह इकाई की छात्र प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिताएं जिला स्तरीय एवं पुरस्कार वितरण सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि विवेक शेंडये, अध्यक्ष पंडित श्याम सुंदर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि धर्मेश्वर मिश्रा ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना छात्रों ने प्रस्तुत की तत्पश्चात विवेक शेंडये, पंडित श्याम सुंदर शुक्ला धर्मेश्वर मिश्रा का अभिनंदन सम्मान पत्र श्री फल तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण ऋषभ जैन प्राचार्य ने किया दमोह जिला संयोजक डॉ, प्रेमलता नीलम ने बताया कि राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिंदी भवन भोपाल से म,प्र,के सभी जिलों में हिन्दी पखवाड़ा मे प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है, प्रचार समिति हिंदी भवन भोपाल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भाषा साहित्य संस्कृति शिक्षा लोक संस्कृति से जोड़ना एवं बिजयी प्रतिभाओं का सम्मान करना तथा बालक बालिकाओं का भविष्य उज्जवल करना है जो प्रतिभागी वाद, विवाद में प्रथम आए हैं वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल में सम्मिलित होंगे। चित्रांकन से शब्दांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेया गुप्ता सरस्वती शिशु मंदिर द्वितीय स्थान अनुराग पटेल शासकीय उत्कृष्ट उ, मा, विद्यालय ने तृतीय स्थान आकाश अहिरवार मिशन उ, मां, विद्यालय ने प्राप्त किया एकल कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरीबाई लोधी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय स्थान राहुल पटेल नव जागृति ने तृतीय स्थान समृद्धि कुसमरिया केंद्रीय विद्यालय ने लोकगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया हेमलता जाटव सरस्वती शिशु मंदिर द्वितीय स्थान पल्लवी से शासकीय ई एफए जे पी बी कन्या उ,मां,वि, तृतीय स्थान सृष्टि शुक्ला नव जागृति ने प्राप्त किया। अंत में कार्यक्रम का आभार ऋषभ जैन प्राचार्य सरस्वती स्कूल ने माना संचालन सुरेखा ने किया।

### किशनगंज आयुर्वेद औषधालय द्वारा कार्यशाला का किया गया आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत किशनगंज आयुर्वेद औषधालय द्वारा विद्यालय मे छात्र-छात्राओं के साथ एवं आंगनवाड़ी में कृमि मुक्ति हेतु कार्यशाला का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में डॉ. रितु कुरेरिया एवं ठाकुर प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यशाला में कृमि निवारण हेतु दी जाने वाली औषधि का महत्व बताया गया एवं आवश्यक आयुर्वेदिक औषधि कृमि मुक्ति हेतु प्रदान कि गई। आवश्यक स्वच्छता संबंधी एवं कृमि निवारण संबंधी नियम विद्यायल में छात्र-छात्राओं को एवं आंगनवाड़ी में माताओं को बताए गए। साथ ही आयुष क्योंर एप एवं इसके महत्व की जानकारी उक्त कार्यशाला में दी गई।

### सीएम राइज स्कूल में लोक सेवा गारंटी प्रतियोगिताओं का आयोजन



दमोह देशबन्धु। शासकीय सी.एम. राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में लोक सेवा गारंटी प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पित वर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसमें समस्त विकासखंडो के कुल-21 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल एवं मार्गदर्शी शिक्षक उपस्थित रहे। निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटियागढ़ की छात्रा परी जैन, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शासकीय सरदार पटेल उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय दमोह की छात्रा सादगी विश्वकर्मा एवं क्विंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शासकीय मॉडल उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय बटियागढ़ के छात्र प्रिंस विश्वकर्मा प्राप्त किया। समस्त प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं 05 हजार-05 हजार रूपये जिला प्रशासन की ओर से प्रदान किये गये। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नोडल अधिकारी प्राचार्य शासकीय सी.एम. राइज दमोह आर.पी. कुर्मी तथा प्रतियोगिता प्रभारी संजय दुबे, मुकेश विश्वकर्मा प्रशांत जैन एवं संदीप जैन रहे। मंच का संचालन शिक्षक विजय रजक एवं आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख द्वारा किया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत एक गंभीर

**देवरीकलां, देशबन्धु।** आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत एक गंभीर घायल। देवरी के महाराजपुर थाना क्षेत्र ग्राम सर्रा मैं राहर की खेत की रखवाली के लिए खेत में ढबुआ बना हुआ था ढबुआ में हुकम यादव उम्र 46 वर्ष, तुलसीराम ठाकुर 42 बैठे हुए थे। तेज बारिश के साथ ढबुआ पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसमें हुकम यादव की मौत हो गई। वहीं उसका साथी तुलसीराम ठाकुर आकाशी बिजली की चपेट में आने से झुलस गया। जिसे गंभीर अवस्था में देवरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर उपचार किया जा रहा है।

### रुसिया को मिली पीएचडी की उपाधि

**सागर, देशबन्धु।** सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में विभागाध्यक्ष का पद संभाल रहे मयंक कुमार रुसिया को फेस बायोमेट्रिक आधारित समस्याओं पर अध्ययन एवं फेस रिकॉग्निशन में आ रही इन समस्यायों को विभिन्न न्यूनिकरण उपायों के माध्यम से कम करने और फेस रिकॉग्निशन को पहले से अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने हेतु प्रस्तावित उपायों के लिए डॉक्टरेट पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह उपाधि देश के राष्ट्रीय महत्व के अग्रणी तकनीकी संस्थानों में शुमार मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज द्वारा कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग शाखा में प्रदान की गयी है। मयंक कुमार रूसिया का पीएचडी में चयन एआईसीटीई की राष्ट्रीय स्तर की क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम पॉलीटेकनिक योजना के अंतर्गत हुआ था, इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. डीके सिंह, सह प्रध्यापक, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, एमएनएनआईटी के निर्देशन में पूरा किया। श्री रूसिया के द्वारा पीएचडी के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जॉर्नल और कांफ्रेंसस् में एससीआई, ईएससीआई, स्कोपस इंडेक्सिंग के साथ कुल 8 शोधपत्र एवं एक पेटेंट प्रकाशित हुए। साथ ही कि कुछ शोध पत्र इन्ही इंडेक्सिंग में अभी भी प्रक्रियाधीन है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं पॉलीटेकनिक परिवार के समस्त सदस्यों सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

### 5 को द्वारका के लिए जाएंगे तीर्थ यात्री

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले के तीर्थ यात्री 5 अक्टूबर को द्वारका के लिए रवाना होंगे। संयुक्त कलेक्टर विनय द्विवेदी ने बताया कि जिले के इच्छुक एवं पात्र तीर्थ यात्री 24 सितंबर सायं काल 5 बजे तक अपने आवेदन समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं समस्त नगर पालिका के नगर पालिका अधिकारी कार्यालय एवं नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं। श्री द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत द्वारका तीर्थ यात्रा से संबंधित आवेदन प्राप्त करने के लिए समस्त जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आवेदनकर्ता तीर्थ यात्री आवेदन में दिए गए समस्त दस्तावेजों को हस्ताक्षर करके जमा करेंगे।

# अब लाड़ली बहनों को मिलेगा 450 रूपए में गैस सिलेण्डर: सरोज सिंह




करैया गूजर में 60 लाख की लागत से बनेगा उप स्वास्थ्य केन्द्र

**खुरई/ बांदरी, देशबन्धु।** जिला पंचायत सागर की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह बांदरी एवं खुरई में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुई। उन्होंने बांदरी के वार्ड क्रमांक 12 एवं 15 में विभिन्न विकास व निर्माण कार्यां का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। वहीं सरोज सिंह ने खुरई के चौका पठारी करैया गूजर एवं गंभीरिया बुजुर्ग में 60 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने बांदरी में 5 लाख की लागत के दूल्हादेव मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरोज सिंह ने कहा कि मंत्री जी के अथक प्रयासों से आज करैया गूजर में 60 लाख की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन किया गया है। जब यह बनकर तैयार हो जाएगा तो लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कहीं जाना नहीं पड़ेगा उनके ग्राम में ही नि:शुल्क उपचार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि लगभग 60 हजार महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। मिलने वाली 1250 रूपए की प्रतिमाह राशि का बहनें अपने बच्चों की अच्छी परवरिश, उनकी अच्छी पढ़ाई, स्वयं के खर्चों के लिए और परिवार में सहयोग कर इस राशि का सद्उपयोग कर सकतीं हैं। अब लाड़ली बहनों को 450 रूपए में गैस सिलेण्डर भी दिया जाएगा।



## खेलो एमपी यूथ गेम्स चयन स्पर्धा संपन्न



**मालथौन, देशबन्धु।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा खेलों एमपी यूथ गेम्स का आयोजन इंडोर स्टेडियम में किया गया। जिसमे कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेल खेले गये। जिसमे विकासखंड के 18 वर्ष से कम आयु के लगभग 200 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। चयन स्पर्धा में चयन हुए खिलाड़ी आगामी जिला स्तर प्रतियोगिता सागर में अपने विकासखंड मालथौन का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन स्पर्धा प्रभारी राखी गौंड सवन्वयक द्वारा संपन्न कराई गई। साथ में सीएल सोनी, पंकज दुबे, मनोहर रैकवार, विशाल कुशवाहा, राजेन्द्र कुशवाहा और समस्त स्कूल से आए हुए शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।

## बारिश से किसानों को राहत: आकाशीय बिजली की चमक दमक में टोल प्लाजा का सिस्टम खराब



**मालथौन, देशबन्धु।** एक सप्ताह से हो रही बारिश से सोयाबीन की फसल में रौनक लौट आई हैं किसानों के चहरों पर मुस्कान छा गई हैं। लगातार बारिश से उड़द की फसल में नुकसान हो रहा है। किसान अब बारिश थमने का इतंजार कर रहे हैं। गत 5 सितंबर से मौसम खुशनुमा बना हुआ हैं किसानों के लिए अमृत के समान बारिश हुई जिससे हजारों हैक्टर में बोई सोयाबीन और धान की फसल में जान लौट आई एक समय बारिश नहीं होने से फसलें सूखकर खराब होने लगी थी अच्छी बारिश से किसानों के चहरे खिल उठे।

### आकाशीय बिजली की चमक दमक में उड़ा टोल का सिस्टम

वही आकाशीय बिजली की चमक दमक में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के मालथौन टोल प्लाजा को भारी नुकसान पहुचा। बिजली की तेज गर्जना, चमक गड़गड़ाहट में टोल प्लाजा पर लगे अनेक विद्युत उपकरण खराब हो गए। जिससे कम्प्यूटर राइज्ड सिस्टम फैल गया। ऑनलाइन सिस्टम खराब होने के बाद टोल प्लाजा से गाड़िया बहुत देर तक फ्री निकलती रही। वहीं कुछ कुछ जगहों पर आकाशीय बिजली का गिरने के कारण नुकसान भी पहुचने की खबरें सामने आई हैं। टोल प्लाजा मालथौन के मैनेजर ने बताया कि दोपहर 2. 41 बजे के करीब नेशनल हाइवे 44 के टोल प्लाजा मालथौन में दोपहर के आसपास आकाशीय बिजली गिरने के कारण टोल में लगे कई सिस्टम खराब हो गए जिसमें फास्टैग रीडर कैमरा जनरेटर, यूपीएसए तथा कई कंप्यूटर भी खराब हो गए इससे अगले दिन तक गाड़ियां फ्री में निकलती रही।

### अधिकारियों को मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य पूरी शुद्धता से करने के निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र का सर्वे कर मतदाता सूची की शुद्धता का कार्य पूर्ण करें। इसका विशेष ध्यान रखा जाये कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर हो। दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं की विशेष रूप से जांच करें और मौके पर जाकर उनके आधार नंबर, समग्र आईडी नंबर प्राप्त करें। साथ ही समान फोटो वाले मतदाताओं का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार विलोपन और संशोधन की कार्रवाई करें। ऐसे मतदाता जिनकी फोटो स्पष्ट नहीं है उन मतदाताओं से संपर्क कर अपने मोबाइल से संशोधित फोटो अपलोड करें। एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। इसके अलावा छूटे हुए मतदाताओं का नाम भी सूची में जोड़े, जिससे कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित न रह जाए।

## गांव की सुख समृद्धि की कामना को लेकर जत्था पैदल बागेश्वर धाम यात्रा रवाना



**शाहगढ़, देशबन्धु।** तिगोड़ा ग्राम पंचायत से करीब दो सौ से अधिक लोगों के जत्था ने छतरपुर बागेश्वर धाम के लिए पद यात्रा शुरू की, यात्रा तिगोड़ा ग्राम की सरपंच लक्ष्मी शिवराज राय के नेतृत्व में रवाना किया। इस दौरान उन्होंने तीर्थ यात्रियों का पुष्प पहनकर स्वागत किया। वही मार्ग में उनके भोजन पानी और ठहरने की व्यवस्थाओं को लेकर गांव की सरपंच श्रीमति राय द्वारा तैयार की गई रूपरेखा को सभी तीर्थ यात्रियों को अवगत कराया और रवाना किया। गांव शहर परिवार की सुख शांति समृद्धि के लिए गांव के लोगों ने बागेश्वर धाम दर्शन पैदल चलकर पूरा करने का संकल्प लिया, तीर्थ पदयात्री सभी रोजाना 20 किलोमीटर यात्रा 5 दिन में पूरी करेंगे, यह पूरा पैदल सफर करीब सौ किलोमीटर का रहेगा, तिगोडा से सुबह 10 बजे यात्रा प्रारंभ हो गई, इस दौरान ग्रामीण महिलाएं बच्चे बड़ी संख्या में जत्थे को रवाना करने उपस्थित है।

देशबन्धु

कानून की वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर पांच न्यायाधीशों की पीठ करेगी सुनवाई

# राजद्रोह कानून मामला संविधान पीठ के पास भेजा



- सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल लगा दी थी रोक
- सुनवाई टालने के केंद्र के अनुरोध किया अस्वीकार
- अदालत के आदेश के कारण राजद्रोह कानून फिलहाल स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को मंगलवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को विचार के लिए भेज दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इसके साथ ही नए प्रस्तावित दंड संहिता में राजद्रोह प्रावधान को संशोधित करने वाला नया कानून लागू होने तक मामले की जांच स्थगित करने की केंद्र की याचिका भी खारिज कर दी। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत की इस पीठ के समक्ष कहा कि नए प्रस्तावित दंड संहिता में राजद्रोह प्रावधान को संशोधित किया गया है। प्रस्तावित कानून फिलहाल संसदीय स्थायी समिति के समक्ष विचाराधीन है। इस बीच वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी समेत अन्य ने पीठ के समक्ष कहा कि नया कानून बनने से आईपीसी की धारा 124ए की संवैधानिकता को चुनौती खत्म नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नए कानून को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने 124ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टालने के केंद्र के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया।

पीठ ने कहा, कई कारण हैं-धारा 124 ए कानून की किताब में बनी हुई है और दंडात्मक क़ानून में नए कानून का केवल संभावित प्रभाव होगा और अभियोजन की वैधता 124ए तक बनी रहेगी और चुनौती का मूल्यांकन इस प्रकार किया जाना चाहिए। श्री सिब्बल ने कहा कि केदारनाथ सिंह मामले (पांच सदस्यी संविधान पीठ का फैसला, जिसने प्रावधान की संवैधानिकता को बरकरार रखा था) पर पुनर्विचार करने के लिए मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जा सकता है या तीन न्यायाधीशों की मौजूदा पीठ ही इस पर फैसला कर सकती है। उन्होंने कहा कि नया कानून बहुत खराब है। इसके रहते मुकदमा चलता रहेगा। पीठ ने कहा कि उसे पांच न्यायाधीशों की पीठ का गठन करना होगा, क्योंकि पांच न्यायाधीशों की पीठ का फैसला उस पर बाध्यकारी है। शीर्ष अदालत के 11 मई, 2022 के आदेश के कारण राजद्रोह कानून फिलहाल स्थगित है।लॉ कमीशन ने 2 जून को सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग का कहना था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए को आईपीसी में बनाए रखने की आवश्यकता है। इसको हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में एक आदेश दिया है कि जब तक आईपीसी की धारा 124 ए की री-एग्जामिन प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा। कोर्ट ने पहले से दर्ज मामलों में भी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि इस धारा में जेल में बंद आरोपी भी जमानत के लिए अपील कर सकते हैं।

## आसाराम बापू की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद कहा कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है। पीठ ने कहा कि अगर निचली अदालत द्वारा याचिकाकर्ता के दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पर शीघ्र सुनवाई नहीं की जाती है तो वह सजा निलंबित करने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष नई याचिका दायर कर सकता है।

दिग्विजय ने लगाया आरोप

## विपक्ष पर छापे मारने जगह-जगह खोले जा रहे ईडी और आईटी के दफ्तर



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जगह-जगह आयकर (आईटी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर खोले जा रहे हैं और कांग्रेस की संभावित जीत से घबराई हुई सरकार की विपक्ष पर छापे मारने की योजना है। श्री सिंह ने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि आज हर जगह आम राय बन चुकी है और सभी सर्वे भी दिखा रहे हैं कि प्रदेश में कांग्रेस की भारी बहुमत से सरकार बन रही है। ऐसे में सूचना आ रही है कि प्रदेश में जगह-जगह आईटी अैर ईडी के दफ्तर खोल कर वहां अधिकारी पदस्थ किए जा रहे हैं, ताकि विपक्ष पर छापे मारे जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार घोटालेबाजों पर छापे नहीं मारेगी, बल्कि ये सरकार सत्ता से बाहर रह कर संघर्ष करने वाले लोगों पर छापे मारने वाली है, लेकिन कांग्रेस के लोग डरने वाले नहीं हैं।

## कुपोषण से मृत्यु शासन व्यवस्था पर कलंक



**भोपाल, देशबन्धु।** शिवपुरी जिले में दो बच्चों की कथित तौर पर कुपोषण से मौत के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कुपोषण से मृत्यु शासन व्यवस्था पर कलंक है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि शिवपुरी जिले के पटपरी गांव में दो आदिवासी बच्चियों की कुपोषण से मृत्यु का समाचार गंभीर चिंता का विषय है। कुपोषण को लेकर सरकार की उदासीनता इस बात से समझी जा सकती है कि पटपरी गांव में आंगनबाड़ी भवन और पोषण आहार वितरण की व्यवस्था तक नहीं है।

मूल्यांकन और प्रभाव आंकलन केन्द्र का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, कहा-

# सुशासन की नींव है विश्वसनीय डेटा



**भोपाल, देशबन्धु।** शोध, सर्वेक्षण और वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया डेटा उपयोगी है। यह सुशासन की नींव है और जन-कल्याण में सहायक बनता है। शोध आधारित पुख्ता सांख्यिकी आंकड़े विकास की गति को बरकरार रखते हैं। मध्यप्रदेश में एमपी-डीएपी को एक एग्रीगेटर प्लेटफार्म के रूप में विकसित करने पर विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल में स्थापित किए गए मूल्यांकन और प्रभाव आकलन केन्द्र के वर्चुअल शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र शासकीय नीतियों के असर और लोगों के जीवन में आ रहे बदलाव को देखेगा। इसके द्वारा शासकीय योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावों का आकलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां राज्य नीति आयोग मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित एसडीजी प्रगति रिपोर्ट-2023 का विमोचन भी किया।

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हो रहे इस 3 दिवसीय (11 से 13 सितम्बर) सम्मेलन और कार्यशाला में अनेक अर्थशास्त्री, शोधकर्ता और विकास से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि सूचना क्रांति के युग में डेटा उतना ही जरूरी है, जितना सांस लेना। अब डेटा के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। डेटा ज्ञान का स्त्रोत भी बन गया है। प्रदेश में डेटा संग्रहण और विश्लेषण की क्षमता निरंतर बढ़ाई गई है। प्रदेश में 1 करोड़ 30 लाख बहनों के खाते में सीधे राशि पहुंचाने का कार्य विश्वसनीय और व्यवस्थित आंकड़ों से संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस तथ्य आधारित सामाजिक एवं आर्थिक विकास सम्मेलन के लिए सहयोगी संस्थाओं यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधि, एडीबी, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल (एप्पा) और राज्य नीति आयोग आयोग के पदाधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीतियां प्रभावी होंगी तो विकास अवरूद्ध नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में लाड़ली बहना योजना लोकप्रिय हो रही है। इसके पहले वर्ष 2017 में प्रदेश में रहने वाली तीन विशेष पिछड़ी जनजातियों - बैगा, भारिया और सहरिया के परिवारों को प्रतिमाह एक हजार रूपये आहार अनुदान योजना में देना शुरू किया गया था। इस योजना की असरदार अध्ययन में ज्ञात हुआ कि जनजाति परिवारों ने प्राप्त राशि बच्चों के पोषण पर खर्च की। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि मध्यप्रदेश सांख्यिकी आयोग बनाने वाला पहला राज्य है। योजनाओं के प्रभाव के आंकलन के लिए प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया है। अनुपूरक बजट में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिए राशि के प्रावधान और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के लिए स्थाई व्यवस्थाएं की गई हैं। श्री चौहान द्वारा मुख्यमंत्री निवास से कार्यशाला और सम्मेलन में वर्चुअल संबोधन के अवसर पर एप्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी मुकेश चंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

कमलनाथ के निवास पर हुई बैठक, दिग्विजय, वेणुगोपाल और सुरजेवाला रहे मौजूद

## विधानसभा चुनाव में 11 गारंटियों का प्रचार करेंगे लोकसभा पर्यवेक्षक



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निवास पर आज लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला शामिल हुए।

बैठक में लोकसभावार नियुक्त किए सभी 29 पर्यवेक्षक भी मौजूद थे। उन्होंने अपने-अपने प्रभार वाले लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति और चुनावी तैयारियों को लेकर वरिष्ठ नेताओं को रिपोर्ट सौंपी। बैठक में तय किया गया कि लोकसभा पर्यवेक्षक विधानसभा चुनाव के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में रहकर पार्टी द्वारा दी गई 11 गारंटियों का प्रचार-प्रसार करेंगे और संगठन के काम को गति देने के साथ ही विधानसभा चुनाव में पूरी सक्रियता से अपनी भूमिका निभाएंगे। यह पहला मौका है जब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में लोकसभा चुनाव से काफी पहले लोकसभा पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं। यह पर्यवेक्षक चुनावी तैयारियों के साथ ही राजनैतिक और संगठन की स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

## सार-समाचार

### कश्मीर में सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के बनिहाल क्षेत्र के वागन में मंगलवार की सुबह एक ट्रक के चट्टान से टकराने के बाद गहरी खाई में गिर जाने से भाई-बहन समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ, जब जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा ट्रक बनिहाल में शेरबीबी के पास चट्टान से टकरा गया और सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। ट्रक में सवार चार लोगों की मौत हो गई।

### ईडी के सामने पेश हुईं नुसरत जहां

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस नेता एवं पश्चिम बंगाल में बशीरहाट से सांसद नुसरत जहां मंगलवार को साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जांच अधिकारियों के सामने पेश हुईं। ईडी न्यू टाउन में सेवन सेंसेज इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के फ्लैट घोटाला मामले की जांच कर रही है और इसी संदर्भ में सुश्री नुसरत को समन जारी किया था। जांच अधिकारियों ने उन्हें 20 करोड़ के फ्लैट घोटाले में अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए संबंधित दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया था।

### गैंगस्टर बिश्नोई के प्रमुख गुर्गे पंजाब में गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने मंगलवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा समर्थित एक जबरन वसूली रैकेट का भंडाफोड़ किया है। साथ ही पुलिस ने दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 0.32 बोर की दो पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान चंडीगढ़ के तरलोचन सिंह उर्फ राहुल चीमा तथा हरियाणा के झज्जर के हरीश उर्फ हैरी उर्फ बाबा के रूप में हुई है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 15 तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान तथा इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाने वाले पद्म पुरस्कारों के वास्ते नामांकन या सिफारिशें 15 सितम्बर तक ऑनलाइन की जा सकती हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री की शुरूआत वर्ष 1954 में की गयी थी और इनकी घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

# केरल में निपाह वायरस से 2 की मौत

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज मंगलवार को कोझिकोड पहुंचीं, जहां कथित तौर पर निपाह वायरस से संक्रमित होने के बाद दो लोगों की मौत हो गई है। राज्य विधानसभा का सत्र चलने के बावजूद मंत्री कोझिकोड पहुंचे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे मौतों के कारणों की जांच कर रहा है और नतीजों का इंतजार है। रिपोर्ट को संबोधित करते हुए, जॉर्ज ने कहा कि कोझिकोड वायरस के लिए अलर्ट पर है और सभी प्रोटोकॉल लागू हैं और आवश्यकता पड़ने पर लागू किए जाएंगे।

उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने से पहले कहा, हम पांच नमूनों के नतीजे आने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि शुरुआत में जब कोई मौत हुई थी, तो इसे अन्य कारणों से हुई प्राकृतिक मौत के रूप में देखा गया था। लेकिन फिर जल्द ही मृत व्यक्ति के नौ वर्षीय बेटे को बुखार हो गया और एक अन्य को भी बुखार के कारण भर्ती कराया गया है। जब हिस्ट्री खंगाली गई तो अधिकारियों को कुछ संदेह हुआ। इसलिए हम अब परीक्षण के नतीजे आने का इंतजार कर रहे हैं।'

### केंद्र से विशेषज्ञों की टीम भेजी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हमने स्थिति का जायजा लेने और इससे निपटने में राज्य सरकार की मदद के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेजी है।

मणिपुर में थम नहीं रही हिंसा

## 3 लोगों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के कांगपोपकी जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने तीन आदिवासी लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मणिपुर की राजधानी इंफाल में अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र चरमपंथियों ने इम्फाल पश्चिम और कांगपोपकी जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में इरेंग और करम के बीच गांवों पर हमला किया और तीन ग्रामीणों को मौके पर ही गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। चरमपंथी सुबह-सुबह एक वाहन में आदिवासी बहुल गांवों में आए और सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले चले गए। घटना के विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। 8 और 9 सितंबर को तेंग्नौपाल जिले के पल्लेल में सुरक्षा बलों के साथ झड़प और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में भी तीन लोग मारे गए थे।

### भाजपा के 23 विधायक अलग प्रशासन के विरोध में

प्रदेश भाजपा के 23 विधायकों ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने 10 कुकी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कुकी विधायक राज्य में अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं।

जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

# विकास यात्रा जारी रखने के फिर भाजपा सरकार बनाए : ठाकुर



**भोपाल/बड़वानी, देशबन्धु।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विकास यात्रा को जारी रखने के लिए यह जरूरी है कि केन्द्र व मप्र में भाजपा की सरकार बने।

यह बात उन्होंने खंडवा से जिले से प्रारंभ हुई जन आशीर्वाद यात्रा के आज निवाली से प्रारंभ होने के पहले आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। श्री ठाकुर ने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और जनहितैषी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान मप्र बीमारू राज्य हुआ करता था, भाजपा ने इसे विकसित राज्य बनाया। उन्होंने कहा कि मप्र में लाड़ली बहना योजना चलाकर 1250 रुपए हर महीने बहनों के खाते में डालने का काम उनके भाई शिवराज सिंह चौहान करते है। केन्द्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने 2018 में मध्यप्रदेश के किसानों को वादा करके गए थे कि आप कांग्रेस की सरकार बनाएं तो 10 दिनों के भीतर ही सभी किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ कर दूंगा और बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दूंगा। लेकिन सरकार बनने के साथ ही राहुल गांधी और कमलनाथ सारे वादे भूल गये।

### कांग्रेसियों को चुनाव में करारा जवाब दें : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आमसभा में कहा कि झूठ बोलने वाले कांग्रेसियों को इस विधानसभा चुनाव में करारा जवाब दें। प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोटशेयर के साथ भाजपा को प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाएं।

### सरकार गरीब कल्याण के काम कर रही है : पटेल

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने सभा को सबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार किसानों के लिए लगातार योजनाएं बनाकर काम कर रही है। प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रदेश के हर आम नागरिक को लाभ मिल रहा है, उसका जीवन स्तर भी ऊंचा हुआ है।

गोवा के मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में

## कांग्रेस हाथ दिखाती है, भाजपा जनहित की योजनाएं लाती है



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में हमारी सरकार 18 सालों से अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर ही काम कर रही है। यहां भाजपा की सरकार ने जनहित की अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में हाथ दिखाने के अलावा कुछ नहीं किया। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत ने यह बात आज ग्वालियर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि मप्र में 2003 से पहले प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 12 हजार रुपये थी, जिसे भाजपा की सरकार ने 1 लाख 40 हजार तक पहुंचा दिया है। आतंकवाद और नक्सलवाद पर नकेल कसी है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों से आगे है। पहले लाड़ली लक्ष्मी और अब लाड़ली बहना योजना के लिए मध्यप्रदेश पूरे देश में चर्चा में है। इस योजना का लाभ प्रदेश की 1 करोड़ 35 लाख बहनों को मिल रहा है। यहां स्थानीय निकाय चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। पुलिस, शिक्षा विभाग सहित अन्य सरकारी नौकरियों में भी बहनों को आरक्षण दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में शुरू की गई सीखो और कमाओ योजना बहुत आकर्षक है और इससे युवाओं को बड़ा फायदा होगा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, दीपक शर्मा, धर्मेंद्र राणा, ब्रजराज सिंह, जवाहर प्रजापति, विनय जैन, विनोद शर्मा और अरूण चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक आज

- पहली बैठक में सीट बंटवारे पर होगी चर्चा
- एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर होगी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के समन्वय समिति की बैठक बुधवार को नईदिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर होगी। इसमें सीटों के बटवारे व चुनाव अभियान पर चर्चा की जाएगी। समन्वय समिति में केवल गठबंधन के वरिष्ठ नेताओ को ही शामिल किया गया है। इसलिए जदयू इस बैठक से बाहर रह सकती है। क्योंकि पार्टी प्रमुख व समन्वय समिति के सदस्य राजीव रंजन ऊर्फ ललन बाबू डेंगू के शिकार हो गए हैं।

समन्वय समिति की बैठक ऐसे समय पर हो रही है,जब गठबंधन ने बिना औपचारिक तालमेल के भी छह राज्यों के सात विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव में चार पर जीत हासिल कर लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए को मजबूत चुनौती पेश करने का संकेत दे दिया है। इससे पहले मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक में 28 विपक्षी दल एक मंच पर साथ दिखे थे। गठबंधन का लक्ष्य जीत की संभावनाओं को अधिकतम करने के लिए एक सीट पर एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने का है। ताकि गैर भाजपा मतदाताओं का बिखराव थामा जा सके। फिलहाल इस साल के आखिर में होने जा रहे पांच राज्यों के चुनाव में गठबंधन के दल अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। जिससे गैर भाजपा मतों में बिखराव हो सकता है। बावजूद अगर इन चुनावों में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनाव में अधिकतम सीटो पर चुनाव लड़ने की उसकी दावेदारी और मजबूत हो जाएगी।

### समन्वय समिति में शामिल सदस्य

समन्वय समिति में पवार के अलावा कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल, डीएमके के टीआर बालू, जेएमएम के हेमंत सोरेन, शिवसेना के संजय राउत, राजद के तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, आप के राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान, जद-यू के लल्लन सिंह, सीपीआई के डी.राजा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती शामिल हैं।

भाजपा का कांग्रेस पर किया तीखा हमला

## सनातन विवाद को राजनीतिक रंग देने की कोशिश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सनातन धर्म को लेकर राजनीतिक दलों में बहस शुरू हो गई है। द्रमुख नेता उदयनिधि स्टालिन के विवादित बयान के बाद यह राजनीतिक रंग लेता दिखाई पड़ रहा है। भाजपा अब इस मुद्दे को ढंठा नहीं होने देना चाहती है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसको लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन नेताओं को इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि मोहब्बत की दुकान के नाम पर सनातन धर्म के खिलाफ नफरत का सामान क्यों बेचा जा रहा है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने इस मामले में कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को घेरने की कोशिश की है। चुनावी साल में मामले को चुनावी रंग देने की जद्दोजहद करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सनातन का विरोध तथाकथित घमंडिया गठबंधन का संकल्प है। शिवसेना(उद्धव गुट) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि वे कहते हैं अगर प्रभु श्रीराम के मंदिर का उद्घाटन होगा तो गोधरा जैसा नरसंहार हो जाएगा। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि इसका मतलब है? स्वर्गीय बालासाहब ठाकरे के बेटे ऐसी बात कर रहे हैं,जिन्होंने राममंदिर आंदोलन के दौरान देश में नई ऊंचाई और साहस का परिचय दिखाया था। उन्होंने कहाकि सनातन पर घमंडिया गठबंधन के लोग तरह-तरह से हमला कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के दिग्गज नेता सोनिया जी और प्रियंका जी खामोश हैं।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।